RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 142 • 12:09:2024 • गुरुवार • मूल्य : 5/-

# हमारा सपना है हर डिवाइस में हो भारत निर्मित चिप : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया- 2024 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में भारत निर्मित चिप लगी हों। भारत सेमीकंडटर पॉवरहाउस बनने के लिए हर जरूरी प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर यहां प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। 11 से 13 सितंबर तक चलने वाला यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति का प्रदर्शन करेगा जो भारत को सेमीकंडक्टर के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना करता है। सेमीकंडटर पॉवरहाउस पर भारत की त्रि-आयामी शक्ति जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सुधारवादी है। देश के पास एक बढ़ता विनिर्माण आधार है और देश का महत्वाकांक्षी बाजार तकनीकी रुझानों से अवगत है। उन्होंने कहा कि 3डी शक्ति का यह आधार अन्यत्र



मिलना मुश्किल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए सरकार 50 प्रतिशत सहायता प्रदान करती है। सरकारी हस्तक्षेप के कारण भारत पहले ही 1.5 ट्रिलियन रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित कर चुका है। सेमीकॉन इंडिया 360-डिग्री दृष्टिकोण वाली एक ऐसी पहल है जो भारत में चिप्स के समग्र उत्पादन को बढ़ाएगी। हम चाहते हैं कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर 'मेड इन इंडिया' लोगो हो। भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति को आगे रखते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये करोड़ों आकांक्षाओं की पूर्ति का साधन है। आज भारत चिप्स के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है।

## हरित हाइड्रोजन भंडारण समाधान, उद्योग चुनौतियों के समाधान के लिए सामूहिक विशेषज्ञता की आवश्यकता : पीएम

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन दुनिया के ऊर्जा परिदृश्य में एक आशाजनक विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह उन उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने में मदद कर सकता है जिन्हें विद्युतीकृत करना मुश्किल है। इससे रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, भारी शुल्क परिवहन और कई अन्य क्षेत्रों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि हरित हाइड्रोजन का उपयोग अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण समाधान के रूप में किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधामंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है, बल्कि इसके प्रभाव अब महसूस किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता वैश्विक नीति बहस के केंद्र में है क्योंकि कार्य करने का समय यहीं और अभी है। प्रधान मंत्री मोदी ने हरित हाइड्रोजन उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक विशेषज्ञता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, "ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में डोमेन विशेषज्ञों के लिए नेतृत्व करना और एक साथ काम करना महत्वपूर्ण है।" प्रधान मंत्री ने वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों को सार्वजनिक नीति में बदलाव का सुझाव देने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिससे इस क्षेत्र को और समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने मोदी ने वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय से हरित हाइड्रोजन उत्पादन में इलेक्ट्रोलाइज़र और अन्य घटकों की दक्षता बढ़ाने, उत्पादन के लिए समुद्री जल और नगरपालिका अपशिष्ट जल के उपयोग का पता लगाने जैसी चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ने विश्वास व्यक्त किया कि, "ऐसे विषयों पर संयुक्त रूप से चर्चा करने से दुनिया भर में हरित ऊर्जा परिवर्तन में काफी मदद मिलेगी।" प्रधान मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जैसे मंच इन मुद्दों पर सार्थक आदान-प्रदान को उत्प्रेरित करेंगे। स्वच्छ और हरित पृथ्वी के निर्माण के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रधान मंत्री ने बताया कि भारत हरित ऊर्जा पर पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले पहले जी20 देशों में से एक है।

## 'तरंग शक्ति' में वायु सेना ने दिखाई अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध क्षमता

एजेंसी। नई दिल्ली

▪ जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा- वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता से अंतर-संचालन क्षमता परिभाषित हुई



अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दौरान भारतीय वायु सेना ने अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध की क्षमता का प्रदर्शन किया है। जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा। फेज-2 के दौरान वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता ने अपनी ताकत और अंतर-संचालन क्षमता को परिभाषित किया है। रात के आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार वायु सेना ने अपने कौशल और समन्वय का प्रदर्शन करके रेगिस्तानी इलाके में विदेशी सेनाओं के सामने अपनी रक्षात्मक और आक्रामक अभियान को दिखाया है। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत 29 अगस्त से हुई। इस चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के साथ 14 सितंबर तक चलने वाले 'तरंग शक्ति' के दौरान वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है। 'तरंग शक्ति' अभ्यास में भारत के सबसे छोटे लड़ाकू एलसीए तेजस ने अपनी क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसकी ताकत परखने के लिए कई विदेशी वायु सेनाओं के प्रमुखों ने एलसीए में उड़ान भरी है। वैश्विक रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ने अपनी उन्नत हवाई क्षमताओं को प्रदर्शित किया। भारतीय टुकड़ी ने कई हवाई युद्ध उड़ानों में भाग लेकर 'आत्मनिर्भरता' के तहत स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। हिंद महासागर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के लिए भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई-30 ने राफेल की जोड़ी का नेतृत्व किया। भारतीय वायु सेना ने अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध की क्षमता का प्रदर्शन किया है। वायु सेना ने बुधवार को फोटो और वीडियो शेयर करके रात्रिकालीन हवाई युद्ध अभ्यास के बारे में आधिकारिक तौर पर जानकारी दी। इस अभ्यास में स्वदेशी एलसीए तेजस ने अपनी लड़ाकू ताकत का प्रदर्शन करके प्रतिभागी वायु सेनाओं के सामने अपनी क्षमता दिखाई है। हवाई अभ्यास के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध का भी वातावरण तैयार किया गया, जहां वायु सेना ने सतह से हवा में मार करने वाले निर्देशित हथियार तैनात किये गए। रात्रिकालीन हवाई युद्ध अभ्यास में दुनिया के पहले लड़ाकू हेलीकॉप्टर स्वदेशी प्रचंड ने उड़ान भरकर अपनी ताकत दिखाई। वायु सेना के मुताबिक 'नाइट एयर कॉम्बैट' के दौरान जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा। फेज-2 के दौरान वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता को परिभाषित किया है। रात के आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार वायु सेना ने अपने कौशल और समन्वय का प्रदर्शन करके रेगिस्तानी इलाके में विदेशी सेनाओं के सामने अपनी रक्षात्मक और आक्रामक अभियान को दिखाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन, विदेशी धरती से भारत को बदनाम करने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली**। सिख समुदाय पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सिख प्रकोष्ठ ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका में सिख समुदाय पर दिए गए बयान को लेकर लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ उनके आवास के बाहर सिख प्रकोष्ठ के नेताओं ने पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और जबरदस्त नारेबाजी की। इस मौके पर भाजपा नेता आरपी सिंह ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। राहुल पर वार करते हुए भाजपा नेता सिंह ने कहा कि उन्होंने भारत को बदनाम करने के लिए विदेशी धरती का इस्तेमाल किया। उन्होंने सिखों के बारे में कैसे बयान दिया कि सिखों को पगड़ी पहनने और गुरुद्वारे में जाने की इजाजत नहीं है। जबकि सिखों को देश में ऐसी कोई दिक्कत नहीं है।

### स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण ने भारत के लोगों को एकजुटता और शक्ति की याद दिलाई : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद के शिकागो के भाषण को साझा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज स्वामी विवेकानंद के 132वें जन्मदिन के अवसर पर 1893 में शिकागो में दिए उनके ऐतिहासिक भाषण को याद किया ,जिसमें विवेकानन्द ने दुनिया को भारत की सदियों पुरानी एकता, शांति और भाईचारे के संदेश से परिचित कराया, जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट पर कहा, ''आज ही के दिन 1893 में, स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में अपना प्रतिष्ठित ऐतिहासिक भाषण दिया था। उन्होंने दुनिया को भारत की सदियों पुरानी एकता, शांति और भाईचारे के संदेश से परिचित कराया। उनके शब्द पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे और हमें एकजुटता एवं सद्भाव की शक्ति की याद दिलाते रहेंगे।

### मानहानि नहीं, मोदी को बुद्धिमान बताया थरूर ने



**नई दिल्ली**। शशि थरूर द्वारा शिवलिंग पर बिच्छू रूपक एक बौद्धिक टिप्पणी थी। कई लोगों ने इसे व्यंग्य के रूप में लिया। इसका उद्देश्य व्यक्ति की ताकत और स्थिति का वर्णन करना था। नाकि अपमान करना। भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव बब्बर ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक समझकर शशि थरूर पर मानहानि का मुकदमा दर्ज किया था। दिल्ली हाई कोर्ट ने इस शिकायत को मेरिट के आधार पर खारिज करने के स्थान पर थरुर को अदालत में पेश होने के लिए कहा था। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ थरूर ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने कहा यह बयान किसी की मानहानि का कारण नहीं बनता।

## गृह मंत्रालय की मुहिम से जुड़े अमिताभ, शाह बोले- मोदी सरकार सुरक्षित साइबर स्पेस के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन गृह मंत्रालय की साइबर अपराधों के खिलाफ शुरू की गई मुहिम से जुड़े हैं। उन्होंने एक वीडियो संदेश भी दिया है। इसे साझा करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्रालय देश में एक सुरक्षित साइबर स्पेस बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। उन्होंने साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के मिशन को गति देने में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन को धन्यवाद दिया। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने आज एक वीडियो संदेश में कहा कि देश



और दुनिया में बढ़ता साइबर अपराध चिंता का विषय है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार काम कर रहा है। वे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुरोध पर इस अभियान में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर देश को इस समस्या से मुक्ति दिलानी चाहिए। हमारी थोड़ी सी सतर्कता और सावधानियां हमें साइबर अपराधियों से बचा सकती हैं।

## कांग्रेस का हाथ, भारत विरोधियों के साथः भाजपा

### राहुल अब बचकानी नहीं, शैतानी हरकतें कर रहे हैंः सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका में राहुल गांधी के बयानों और उनसे मिलने वालों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस का हाथ भारत विरोधियों के साथ है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान कल राहुल गांधी भारत विरोधी अमेरिकी सांसद एलान उमर से मिले। एलान उमर हमेशा से पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोध के लिए जाने जाते हैं। राहुल बतौर सांसद और अब नेता प्रतिपक्ष कभी भारत समर्थक अमेरिकी सांसद गिलमैने, एकरमैन से नहीं मिले, अब तुलसी गबार्ड से भी नहीं मिलेंगे। लेकिन भारत विरोधी पत्रकार मुसिफ्फकुल फजर के साथ वे फोटो खिंचाकर इतराते



हैं। भारत विरोधी गुरपतवंत पन्नू ने भी राहुल गांधी की तारीफ की है। साफ है कि राहुल गांधी भारत विरोधियों में अधिक लोकप्रिय हैं । राहुल गांधी भारत के पहले ऐसे प्रतिपक्ष के नेता हैं, जो विदेश में जाकर भारत की कमियों और यहां स्वतंत्रता न होने की बात करते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल के चचा (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि अब ये पप्पू नहीं रहे। उनका कहना सच है, क्योंकि राहुल गांधी पहले बचकानी हरकतें करते थे पर वे अब ऐसी शैतानी हरकतें कर रहे हैं, जो देश के लिए घातक हैं। राहुल गांधी चीन की उपलब्धियों का बखान करते हैं पर यह कभी नहीं बोलते कि चीन के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और अली बाबा के प्रमुख जैक मा कहां गायब हो गए। इसके बावजूद एक तानाशाह देश में उन्हें बोलने की स्वतंत्रता दिखाई देती है और भारत में डर दिखाई देता है। भारत के लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के स्वातंत्र्य को लांछित करने का कोई भी अवसर राहुल गांधी हाथ से जाने नहीं देते हैं। उनके भाषण उठाकर देख लीजिए, भारत के बारे में चार अच्छे बोल सुनने को नहीं मिलेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वो दिन हवा हो गए, जब विदेशी ताकतें भारत की बांह मरोड़ सकें। एक दौर था जब विदेशी प्रेरणा और समर्थन के बल पर लोग भारत को आंखें दिखाते थे। राहुल गांधी अभी भी उसी मानसिकता में जी रहे हैं, इसीलिए विदेशी दौरों के समय वे भारत विरोधी वक्तव्य देते हैं। पर उन्हें याद रखना चाहिए कि अबका भारत किसी के दबाव और प्रभाव में आने वाला नहीं है। यह नया भारत और बढ़ता भारत है। अफजल गुरू की पहली बरसी पर जेएनयू जाने, उसकी फांसी 6 महीने तक लटकाने, याकूब मेमन और बुरहान वानी की शव यात्रा में शामिल होने, कश्मीर को भारत से अलग करने की साजिश रचने वालों का साथ देने, राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से मिले धन और किसी समझौते की चर्चा करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से देश की एकता को धता बताकर, उसे कमजोर करने वाले और विभाजित करने वाली सोच के साथ रही है।

## अमेठी हार के बाद दिल्ली में सक्रिय हुई स्मृति, बीजेपी कर सकती है प्रयोग

**नई दिल्ली**। दिल्ली में बीजेपी विधायकों के राष्ट्रपति शासन की मांग के बीच स्मृति ईरानी इन दिनों दिल्ली की सियासत में सक्रिय हो गई हैं। दिल्ली में सियासी पारी शुरू करने की अटकलें शुरु हो गई हैं। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बरक्स ईरानी बीजेपी का चेहरा हों तो बीजेपी को दिल्ली में बूस्ट मिलेगा। बीजेपी दिल्ली यूनिट के नेताओं का कहना है कि इसका फैसला तो शीर्ष नेतृत्व को करना है लेकिन बहुत सक्रियता से स्मृति ईरानी जिले स्तर की बैठकों में शामिल हो रही हैं। बता दें कि बीजेपी 1998 में सुषमा स्वराज, 2015 में किरण बेदी का प्रयोग दिल्ली में कर चुकी है। ऐसे में 2024 में स्मृति ईरानी का प्रयोग बीजेपी कर सकती है। करीब 26 साल से दिल्ली के सत्ता से बाहर रहकर दिल्ली बीजेपी के लिए साल 2025 का चुनाव करो या मरो वाला होगा। बीते दो विधानसभा चुनाव में भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा, राजधानी दिल्ली में सात लोकसभा सीटों में करीब 6 टिकट बदलकर अलग-अलग इलाकों में पूर्व सांसदों को जिम्मेदारी दे दी गई है। नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से बीजेपी सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि बीजेपी के सदस्यता अभियान को लेकर नवीन शाहदरा, करोल बाग, नई दिल्ली, चांदनी चौक, शाहदरा मयूर विहार और केशव पुरम जिले में स्मृति ईरानी के कार्यक्रम तय किए गए हैं।

## दिल्ली-एनसीआर से लेकर पंजाब तक भूकंप के झटके

**नई दिल्ली**। बुधवार दोपहर करीब 01 बजे दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के अन्य इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई है, और इसका केंद्र पाकिस्तान में बताया गया है। दिल्ली-एनसीआर सिस्मिक जोन 04 में आने के कारण संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। जानकारी अनुसार पाकिस्तान में भूकंप का केंद्र होने के बावजूद भारत के अनेक क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए हैं। दिल्ली-एनसीआर नोएडा के आलवा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर लोगों ने हल्के झटके महसूस किए हैं। कुछ इलाकों के लोगों का कहना था कि उन्होंने अपने ऑफिस और घरों में कुर्सियों और फर्नीचर को



भूकंप के झटकों के कारण हिलते हुए अनुभव किया है। भू-विशेषज्ञों की मानें तो दिल्ली-एनसीआर सिस्मिक जोन 4 में आता है, जो कि भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। यह इलाका पाकिस्तान और हिमालय क्षेत्र के करीब होने के कारण दोतरफा भूकंप के झटकों के प्रभाव में आ जाता है। फिलहाल आज बुधवार दोपहर आए भूकंप के झटकों से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

## प्रोपर्टी डीलर ने खुद ही रची थी साजिश पुलिस ने किया खुलासा

### रिश्तेदार का पैसा गबन करने के लिए अपने दोस्तों के साथ आपराधिक षडयंत्र के तहत खुद को ही मरवायी गोली

चाणक्य भूमि बेतिया

पुलिस ने दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारकर पांच लाख रुपए लूटने के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए मुख्य साजिशकर्ता समेत पाँचों व्यक्ती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमे मुख्य आरोपी आदित्य तिवारी तथा उसके सहयोगी लौरिया थाना क्षेत्र के गोबरौरा निवासी यश मिश्रा, कुमारबाग थाना क्षेत्र के मलौकली निवासी अंबुज पांडेय उर्फ चांद, नवनीत राय तथा उपाध्याय टोला के नवनीत ठाकुर है। एसपी अमरकेश डी ने बताया कि प्रोपर्टी डीलर आदित्य तिवारी ने रिश्तेदार का पैसा गबन करने के लिए अपने दोस्तों के साथ आपराधिक षडयंत्र को रचा था। इसके तहत उसने खुद



ही पैर में गोली मरवाकर मनगढंत कहानी बनाया था।गोलीकांड व लूट में प्रयुक्त एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, 2 मैगजीन, एक बाइक व मोबाइल फोन को भी जब्त कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों पर जिले के अलग-अलग थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं। अंबुज पांडेय उर्फ चांद पर चनपटिया थाना में आर्म्स एक्ट, यश मिश्रा पर शिकारपुर थाना में कांड संख्या-190/023, कांड संख्या-217/023 एवं कांड संख्या-56/024 दर्ज है। जबकि नवनीत ठाकुर पर मनुआपुल थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।

## खड़गे का भाजपा पर हमला, कहा मोदी झूठों का सरदार

एजेंसी। अनंतनाग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को अनंतनाग में आयोजित एक रैली में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार झूठ बोलते हैं और उन्हें झूठों का सरदार करार दिया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में हमले हो रहे हैं, लेकिन मोदी जी झूठ बोलने से नहीं शर्माते। लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा, की कहां गए 400 पार वाले? भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई। अगर हमें 20 सीटें और मिल जातीं, तो ये लोग जेल में होते। ये लोग जेल में रहने के लायक हैं। बीजेपी भाषण तो बहुत देती है, लेकिन काम और कथनी में बहुत अंतर होता है। बीजेपी चाहे जितनी कोशिश कर ले, कांग्रेस और नेशनल



कांफ्रेंस का गठबंधन कमजोर नहीं नहीं होगा। हमने संसद में अपनी ताकत दिखाई है. हम उसी ताकत के साथ आगे बढ़ेंगे। खड़गे ने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर के लोगों को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन वे सफल नहीं होंगे। अनंतनाग एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, जहां अमरनाथ यात्रा होती है, लेकिन भाजपा यहां के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। खड़गे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को मजबूती दी है, और इसका भाजपा पर गहरा असर पड़ा है। खड़गे ने दावा किया कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन से भाजपा बौखला गई है। इसीलिए वह बार-बार उम्मीदवार उमीदवारों की सूची में बदल रही है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने लोगों से झूठे वादे किए है। जैसे हर खाते में 15 लाख रुपये और हर साल 2 करोड़ नौकरियां। लेकिन इनमें से कुछ भी पूरा नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल (एलजी) की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि यहां की प्रशासनिक स्थिति बदहाल है और भ्रष्टाचार चरम पर है। जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड बहाल करने का वादा करते हुए खड़गे ने कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाएगी और वहां एक लाख खाली पदों को भरा जाएगा। इसके साथ ही बंद सरकारी स्कूलों को फिर से खोला जाएगा।

## महाराष्ट्र और कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश राज्य को एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की दी अनुमति : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली**। देश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को अपने उत्पाद की बिक्री को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। कृषि मंत्रालय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन की खरीदारी करेगी। इसके लिए अभी तीन राज्यों को अनुमति दी गई है। कृषि मंत्रालय ने महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों के बाद अब मध्य प्रदेश राज्य को भी एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में यह बात कही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, "कृषि और किसान कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे लिए किसानों की सेवा करना भगवान से प्रार्थना करने जैसा है। पिछले कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के किसान परेशान थे क्योंकि सोयाबीन एमएसपी से नीचे बिक रहा था। सबसे पहले हमने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों को एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने आगे कहा, "हमें कल (मंगलवार) रात मध्य प्रदेश सरकार से एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने का प्रस्ताव मिला। हमने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, सोयाबीन एमएसपी पर खरीदा जाएगा।

## भाजपा और संघ दक्षिण भारत के खिलाफ अपशब्द कहते : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा और आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाकर कहा कि वे दक्षिण भारत के खिलाफ अपशब्द कहते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान दिए बयानों का समर्थन किया, इसमें राहुल गांधी ने कहा था कि आरएसएस कुछ राज्यों से नफरत करती है। कांग्रेस नेता खेड़ा ने बताया कि आप सोशल मीडिया पर देख सकते हैं कि कैसे आरएसएस और उससे जुड़े लोग दक्षिण भारत के खिलाफ बोलते हैं। जहां भाजपा को चुनावी लाभ नहीं मिलता, वे उन राज्यों के पीछे पड़ जाते हैं। खेड़ा ने अयोध्या का उदाहरण देकर कहा कि जब भाजपा अयोध्या में चुनाव हारी, तब सोशल मीडिया पर अयोध्यावासियों के खिलाफ गलत बातें कही जाने लगी थीं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बयान सही है और दिखाता है कि किस तरह भाजपा और आरएसएस उन राज्यों के खिलाफ होते हैं, जहां उन्हें समर्थन नहीं मिलता। इतना ही नहीं खेड़ा ने राहुल गांधी के सिख धर्म पर दिए बयान का समर्थन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोचिंग सेंटर में गन लेकर पहुंचा छात्र, क्लास में छात्रा को लग गई गोली, हड़कंप

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में छात्रों द्वारा स्कूल में बंदूक लाए जाने की कई खबरें पिछले कुछ दिनों के दौरान सामने आई हैं। अब एक छात्र कोचिंग संस्थान में बंदूक लेकर पहुंचा और इस दौरान इस बंदूक से एक छात्रा को गोली लग गई। इस घटना से हड़कंप मच गया है। मुजफ्फरपुर जिले में में गोली लगने से घायल छात्रा का इलाज जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सकरा थाना क्षेत्र के एक कोचिंग संस्थान में यह छात्र पिस्तौल लेकर आया था। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर में अंग्रेजी की क्लास चल रही थी। क्लास खत्म होने के बाद अचानक क्लासरूम में गोली चली और एक छात्रा लहुलूहान हो गई। अचाक गोली चलने से वहां अफरातफरी मच गई और शिक्षक तथा छात्र चौंक गए। बताया जा रहा है कि घायल छात्रा ने कहा है कि कोचिंग क्लास में उसके पीछे बैठे एक लड़के ने गोली चलाई है। रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि गोली चलाने वाला छात्र लड़की के ही गांव का है। बताया जा रहा है कि क्लासरूम में गोली चलने के बाद आरोपी छात्र फरार हो गया। जख्मी लड़की को किसी तरह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने कहा है कि अभी इस मामले की छानबीन की जा रही है। छात्र की भी तलाश की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कोचिंग क्लास के छात्र के पास बंदूक कहां से आई? आपको याद दिला दें कि कुछ दिनों पहले सुपौल जिले के एक स्कूल में नर्सरी का छात्र बंदूक लेकर विद्यालय में आया था। इस छात्रा ने स्कूल में पढ़ने वाले एक तीसरी क्लास के बच्चे को गोली मार दी थी।

### पुलिस की गाड़ी पलटी, सिपाही की मौत, दरभंगा में पिकअप वैन का पीछा करने के दौरान हादसा

**दरभंगा , एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में मनीगाछी थाना क्षेत्र के ह॥ 27 पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तेज गति से पिकअप का पीछा करते हुए गश्ती गाड़ी पलट गई. पुलिस की गाड़ी के पलटने से चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं घटना में 3 अन्य पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए. जिनका इलाज मधुबनी जिला के पंडौल स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है. जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है.

**दरभंगा में पुलिस गाड़ी पलटी:** इस हादसे में पुलिस वाहन चालक औरंगाबाद निवासी विनोद कुमार सिंह के पुत्र सिपाही रवि कांत कुमार घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मनीगाछी थाना के अधिकारी मौके पर पहुंचकर घायल प्रमोद कुमार सिंह, बिपिन कुमार पासवान, सतेंद्र कुमार सिंह सहित टेम्पो में चोटिल यात्री को इलाज के लिए मधुबनी जिला के पंडौल स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया. मृतक चालक का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**एनएच 27 पर हुआ हादसा:** बताया जाता है कि मंगलवार को मनीगाछी थाना की पुलिस एनएच 27 पर वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था. उसी क्रम में तेज गति से आ रहे पिकअप वैन को रुकने का इशारा किया गया. जिसपर पिकअप का चालक अपनी गाड़ी को और तेज कर भागने लगा. यह देखकर गश्ती गाड़ी ने पिकअप वैन का पीछा करना शुरू कर दिया. तभी यात्रियों से भरे एक ऑटो को ठोकर मारते हुए पुलिस गाड़ी सड़क के दक्षिण किनारे अनियंत्रित होकर सड़क से करीब दस फीट नीचे पलट गई. मनीगाछी थाना की पुलीस गश्ती की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई है. राजे टॉल प्लाजा से आगे हादसा हुआ है. इसमें हमारे सिपाही रवि कांत कुमार का निधन हो गया है. कई जवान घायल हैं. सभी का पंडौल में इलाज चल रहा है.

### नालंदा में मशरूम की खेती करने वालों को होगा फायदा :सरकार दे रही है 90 प्रतिशत अनुदान पर मशरूम किट

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य सरकार ने मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत, किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर मशरूम किट उपलब्ध कराई जाएगी। नालंदा जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य है, नालंदा जिले में 23 हजार मशरूम किट का वितरण करना। यह योजना किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर प्रदान करेगी।

# भागलपुर से हावड़ा के लिए चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेसः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

## 15 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन; एडीआरएम ने दी जानकारी



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर से हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत इसी महीने होने जा रही है। वंदे भारत के परिचालन से भागलपुर के लोग पांच से छह घंटे में हावड़ा तक की सफर तय कर पाएंगे। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

मालदा रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन का वाराणसी से ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। 15 सितंबर को भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ट्रेन प्लेटफार्म नंबर छह से रवाना होगी। उद्धघाटन के दिन ट्रेन भागलपुर स्टेशन से दिन में 11 बजे रवाना होगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 8 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

**ट्रेन स्टॉपेज और टाइम टेबल की जानकारी :** 15 सितंबर सुबह 11 बजे भागलपुर स्टेशन से खुलकर 11:30 बजे बारहर पहुंचेगी। मिनट के ठहराव के बाद बांका के सांसद हरी झंडी दिखाते हुए इसी रवाना करेंगे। बारहट के बाद मंदार, हिल, हंसडीहा, नौनीहाट, दुमका, रामपुरहाट, बोलपुर, होते हुए रात 8 बजे हावड़ा पहुचेंगी। उद्धघाटन वाले दिन वंदे भारत सभी स्टेशनों पर 20 - 20 मिनट तक रुकेगी। जिस वजह से रेलवे की तरफ से ट्रेन की रेगुलर टाइमिंग जारी नहीं की गई है।

**ट्रेन कोच और सुरक्षा की व्यवस्था :** वंदे भारत ट्रेन फिलहाल 8 कोच के साथ चलेगी। इन आठ कोच में से 2 एक्सक्लूसिव क्लास के कोच, 6 एसी चेयर कार होगा। एग्जीक्यूटिव क्लास की सीट चारों ओर घूमेगी। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा आरपीएफ के हवाले रहेगी। ट्रेन खुलने पर ट्रेन में स्कॉर्ट पार्टी के रूप में आरपीएफ के अधिकारी व जवान रहेंगे। अकेले सफर करने वाली महिला व लड़कियों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए मेरी सहेली महिला आरपीएफ बल के अधिकारी की टीम तैनात रहेगी।

### कितनी तेज चलेगी भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत एक्सप्रेस आमतौर पर 130 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से चलती है लेकिन भागलपुर-दुमका रेलखंड पर यह ट्रेन 110 किमी की स्पीड से ही चलेगी। सिंगल लाइन होने की वजह से ट्रेन की गति कम रहेगी। दुमका के बाद यह 130 किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ेगी। इस रूट से भागलपुर से हावड़ा की दूरी करीब 400 किमी है। यह ट्रेन पूरी तरह यानी 100त्न स्वदेशी है। इसकी रफ़्तार बहुत ही कम समय में 160 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़कर 200 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाती है। भारत की ट्रेनों में इंजन का एक अलग से कोच होता है। लेकिन वंदे भारत ट्रेन में मेट्रो की तरह ट्रेन में ही इंजन होता है।

### शहर की पहली और जिले की दूसरी वंदे भारत

भागलपुर से हावड़ा के बीच संभावित वंदे भारत शहर से चलने वाली पहली और जिले से गुजरने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। इससे पहले पटना से एनजेपी वंदेभारत को नवगछिया होकर इसी साल मार्च में चलाया गया था। ट्रेन नंबर 22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी–पटना वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने 12 मार्च 2024 को किया था। बता दें कि मकर संक्रांति के दिन भागलपुर शहर से अगरतला–आनंद विहार तेजस राजधानी ट्रेन को भी चलाया गया था।

### एडीआरएम ने दी गेस्ट लिस्ट की जानकारी

बता दें कि मालदा के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने इस बात की पुष्टि की है। 15 सितंबर को भागलपुर से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस कार्यक्रम में रेल डिवीजन के बड़े अधिकारी, भागलपुर सांसद अजय मंडल, खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के अलावा भागलपुर विधायक, एमएलसी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में डीआईजी, डीएम, एसएसपी को भी बुलाया जायेगा।



### सासाराम में ट्रेनिंग दी, गया में बना दिया फर्जी टीसी :रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने ठगी के मास्टरमाइंड सचेंद्र शर्मा उर्फ दादा ( 78 ) को ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वह दो दशक से रेलवे में बहाली के नाम पर लोगों को ठग रहा था। पुलिस ने उसे मुजफ्फरपुर के मेहंदी हसन रोड से पकड़ा है। सचेंद्र शर्मा ने ग्रुप सी में स्पोर्ट्स कोटा के तहत टीसी की नौकरी लगवाने के लिए एक युवक को सासाराम में 4 महीने तक ट्रेनिंग दिलाई। इसी साल 7 सितंबर को जॉइनिंग लेटर भी दिया, जिसे लेकर वह गया के वजीरगंज रेलवे स्टेशन गया। स्टेशन मास्टर को जॉइनिंग लेटर दिया तो उसने देखते ही कहा कि सभी कागज फर्जी हैं। इसके बाद उसने स्नढ्ढक्रदर्ज की और सचेंद्र पकड़ा गया। मामले में नामजद 6 आरोपी फरार हैं। सचेंद्र शर्मा के पास से एक बैंक चेक, 4 मोबाइल, जॉइनिंग लेटर, पूर्व रेलवे के कागजात आदि जब्त किए गए हैं। गिरोह का नेटवर्क देश के कई राज्यों में फैला है। वह नौकरी के नाम पर एमपी, राजस्थान और ओडिशा में भी फर्जीवाड़ा कर चुका है। ठगी के शिकार सौरभ कुमार और उसके दोस्त मोहन कुमार ने बेला थाने में स्नढ्ढक्रदर्ज कराई थी। इसमें सचेंद्र शर्मा के अलावा भजन गायिका, सोनू मुस्कान, आलू-प्याज के व्यवसायी श्याम बाबू सिंह, कबीर, अहियापुर थाना के बिंदा बिहारी वर्मा उर्फ वर्मा, राजीव मिश्रा उर्फ मिश्रा को आरोपी बनाया गया। इसी आधार पुलिस ने कार्रवाई की और सचेंद्र को पकड़ा।

**6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है :** एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ठगी मामले में कार्रवाई की गई है। गिरोह से जुड़े हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुल 6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। बाकी अन्य जिले के रहने वाले हैं। यह एक ऑर्गेनाइज मोड में काम करने वाला गिरोह है और पूरे बिहार के अलग-अलग जिले में फैला हुआ है।आशंका है कि इस गिरोह के चंगुल में अब तक कई लोगों से ठगी हुई है। यह आंकड़ा करोड़ रुपए का हो सकता है।

### थाने में कराई गई प्रेमी जोड़े की शादी :वैशाली में 10 साल से संपर्क में थे, परिजनों के विरोध पर कोर्ट पहुंचे दोनों

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** वैशाली के बिदूपुर थाने में स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर में मंगलवार की देर रात एक प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। मामला बिदूपुर थाना क्षेत्र के माइल गांव की है। बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे को पिछले दस साल से एक-दूसरे को जानते थे। लड़की चकौसन गांव निवासी राजेश सिंह की बेटी आयुषी कुमारी ( 28 ) है। वहीं लड़का माइल गांव निवासी राजेश कुमार का बेटा निशांत कुमार ( 29 ) है। दोनों बचपन से ही एक साथ स्कूल आते जाते थे। दोनों के बीच स्कूल में ही दोस्ती हुई। फिर दोनों में प्यार हो गया। दोनों एक साथ जीने-मरने को तैयार हो गए। इसकी जानकारी जब लड़की के परिजनों को लगी तो विरोध करना शुरू कर दिया और लड़के के परिजनों से भिड़ गए। मामला थाने तक पहुंच गया। सोमवार को थाने पर दोनों के परिजन और पक्षकारों की भीड़ लगी रही। गहमागहमी बढ़ता देख थानाध्यक्ष अरूण कुमार ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया और प्राथमिकी दर्ज कर लिया। इसके बाद लड़की ने हाजीपुर न्यायालय में अपने स्वेच्छा से लड़के के साथ रहने की सहमति जताई है और अपने माता-पिता के घर जाने से इंकार कर दिया।

## सड़क बन गई खेत, पुरुष चलाने लगे हल-बैल और धान की रोपनी करनें लगीं महिलाएं

### गया में अनोखा विरोध

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत आमकोला गांव में अजब नजारा देखने को मिला यहां ग्रामीण पुरुषों ने सड़क पर पहले हल चलाया इसके बाद ग्रामीण महिलाओं ने धान की रोपनी शुरू कर दी. सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढों में धान की रोपनी महिलाएं कर रहीं महिलाओं का कहना था कि यह सड़क नहीं खेत है, इसलिए वे लोग इसमें धान की रोपनी कर रही हैं. दरअसल, मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय से शुरू हुई यह सड़क आमकोला समेत दर्जन भर गांवों को जोड़ते हुए 20 किलोमीटर लंबी है, यह सड़क नेशनल हाइवे को भी जोड़ती है. पिछले एक दशक से भी अधिक समय से इस सड़क की ओर किसी ने पलट कर नहीं देखा, यह काफी खराब स्थिति में आ चुकी है.

जानकारी के अनुसार, आरडब्लूडी की योजना से यह सड़क 2011-12 में बनी थी. 12 साल बीत गए, लेकिन इस सड़क का निर्माण के बाद से इसकी मरम्मत एक बार भी नहीं हुई, नतीजतन सड़क में पैदल चलना मुश्किल है. इस सड़क पर सिर्फ ट्रैक्टर या बैलगाड़ी ही चल सकते हैं चार पहिया और दो पहिया वाहनों को चलाना काफी मुश्किल है. अगर किसी की तबीयत खराब हो जाती है तो यहां एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती है.





**गया की मोहन पुर ब्लॉक से आमकोला सड़क पर विरोध स्वरूप धान की रोपनी करतीं महिलाए**

स्थानीय लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी वोट मांगने के लिए आए थे और वह सांसद बने और फिर केंद्रीय मंत्री, लेकिन एक बार दोबारा पलट कर यहां नहीं आए. ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया कि हम लोग अनोखे तरीके से यह प्रदर्शन कर सरकार को दिखलाना चाह रहे हैं कि आपका सड़के किस हाल में हैं.

विरोध कर रहीं महिलाएं बताती हैं कि यह सड़क नहीं बल्कि खेत है, इसलिए हम लोग रोपनी कर रहे हैं. मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया कि कई बार मंत्री विधायक से इसी गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई कुछ नहीं करता. बहरहाल, लोग अनोखे विरोध जरिये अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं. अब देखना है कि क्या स्थानीय लोगों का दर्द सरकार या स्थानीय प्रशासन कब तक सुनता है और इसको लेकर कोई एक्शन लेता है या नहीं.

## बिहार में राजद की सरकार में आया जंगलराज, आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा : केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे




**कैमूर, एजेंसी।** बीजेपी के संयुक्त मोर्चा कार्यशाला में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे कैमूर पहुंचे। उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर कहा कि राहुल गांधी को कोई देश में सीरियस नहीं लेता तो अमेरिका में उनकी बातों का सीरियस कौन लेगा, वह नॉनसेंस व्यक्ति हैं। आगे कहा कि बिहार विधानसभा उपचुनाव में और 2025 के विधानसभा चुनाव में भी हमारी पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी के आभार यात्रा में दम नहीं है। जब 1990 से 2005 तक उनकी सरकार थी तो राजद ने बिहार को जंगल राज में धकेलने का काम किया था। राहुल गांधी के विदेश में प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करने पर कहा कि उनकी बातों को कोई जब देश में सीरियस ही नहीं लेता है तो अमेरिका में कौन लेगा।

**तेजस्वी पर कहा आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा :** वहीं रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव पर बोले कि रामगढ़ सीट हम जीतेंगे और 2025 में भी हमारी प्रचंड बहुमत से चारों के चारों सीट पर जीत होगी। तेजस्वी यादव के आभार यात्रा पर कहा कि आखिर किस चीज का आभार यात्रा निकाल रहे हैं। बिहार में चार सीट जीते उसका आभार, देश में परिवर्तन चाहते थे नहीं हुआ उसका आभार, आखिर किस चीज का आभार यात्रा निकाल रहे हैं। 1990 से लेकर 2005 तक जनता ने उनको एक्सेप्ट किया था। जिस समय राजद की सरकार थी तो उन्होंने बिहार को जंगल राज में झोंक दिया था। क्या उसका आभार करने के लिए निकल रहे हैं। उनके आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा वो घूमते रहे।

### गलत पैरवी करने पर नहीं मिलेगी मदद

सुधाकर सिंह को थानेदार द्वारा हड़काने के मामले में कहा सुधाकर सिंह के बातों को जब थानाध्यक्ष सीरियस नहीं ले रहे है, इसका मतलब है की वो गलत पैरवी कर रहे हैं। क्योंकि राजद की सरकार में इतिहास रहा है की ब्लॉक, थाने पर जाकर अधिकारियों को हड़काया जाता था। बिहार में सरकार बदली है, यहां कानून के साथ विकास होता है। थाना प्रभारी अपने कानून के हिसाब से मदद कर सकता है, उससे अधिक अपने हिसाब से मदद खोजिएगा या दबाव बनाइएगा तो वह संभव नहीं है। क्योंकि कानून का राज है।

## सीतामढ़ी के सरयू हाईस्कूल में एनसीसी का प्रशिक्षण शुरू

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में दो बिहार बटालियन एनसीसी मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में 19 सितम्बर तक प्रशिक्षण चलेगा। इसका शुभारंभ आज हुआ। कल साम तक सिर्फ छात्र छात्राओं का इंट्री लिया गया। नौ दिवसीय सीएटीसी एक्स कैंप का आयोजन किया जाएगा। बता दें की बटालियन के द्वारा तीसरी बार जिले के सरयू उच्च विद्यालय सुरसंड में इस कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप के दौरान वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों से 400 छात्र, 200 छात्राएं तथा 50 अधिकारी भाग लेंगे। कैंप के दौरान कैडेट्स हथियार प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मानचित्र अध्ययन, बाधा दौड़, दूरी का अनुमान सहित तौर-तरीका बताया जायेगा और इसमें इन्हें पारंगत बनाया जायेगा।

**हथियार के साथ कई तरह की दी जाएगी प्रशिक्षण :** इस दौरान इनका कड़ा प्रशिक्षण सत्र संचालित किया जायेगा। इसमें अलग-अलग अधिकारियों और प्रशिक्षकों के द्वारा सत्र संचालित किया जायेगा। इसके साथ ही इन छात्र-छात्राओं को इस दौरान यहां रखकर



अनुशासन का पाठ पढ़ाया जायेगा। इनके अंदर देश प्रेम का जज्बा भरा जायेगा। इस आयोजन को लेकर अग्रिम टीम साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था दुरुस्त कर लिया गया है। दो बिहार बटालियन के एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. चट्टोपाध्याय एवं कर्नल विक्रमजीत सिंह ने कैंप से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं आवासीय परिसर को साफ स्वच्छ रखने के लिए अग्रिम टीम के रूप में जेसीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक दल भेजा है। विद्यालय आवास, बिजली, पानी तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को विद्यालय प्रधान, बिजली विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरसंड, नगर पंचायत सुरसंड के सहयोग से त्वरित गति से दुरुस्त किया जा रहा है।

### नाम पूछने के साथ वृद्ध के सिर में मारी गोली, गंभीर




**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सोनवर्षाराज थाना क्षेत्र के बिंदटोली गांव के कोपा पंचायत स्थित बिंदटोली गांव में अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की रात आठ बजे के करीब दरवाजे पर बैठे एक 70 वर्षीय जयंत दूबे वृद्ध को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया । गोली उनके सिर में मारी गयी है। जिससे घायल की स्थिति काफी नाजुकबनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत है। घटना की सूचना मिलते ही काशनगर थाना पुलिस गंभीर रूप से जख्मी को अपने वाहन से इलाज के लिए पीएचसी सोनवर्षाराज लाया । जहाँ चिकित्सक द्वारा स्थिति गंभीर देख उसे समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया है।

**सिर में मारी गोली :** घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि हथियार बंद अज्ञात एक बदमाश घर के पीछे से आया और नाम पूछने के साथ सिर में पीछे से गोली मारकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार घटनासे थोड़ी देर पहले बिजली गुल हुई थी और घटना के कुछ देर बाद ही बिजली आ गई । घटना का कारण आपसी रंजिश,जमीनी विवाद वबिंदटोली हाट की निविदा हो सकता है। थानाध्यक्ष विक्की रविदास ने बताया कि घटना काकारण तत्काल कुछ बता पानासंभव नहीं है। जांच चल रही है।

## चाय के लिए पति ने पत्नी, 8 साल की बेटी और 8 महीने के बेटे की कर दी हत्या

**भोजपुर, एजेंसी।** भोजपुर में मंगलवार को पति ने पत्नी, 8 साल की बेटी और 8 महीने के बेटे की हत्या कर दी। मर्डर के बाद खंती (जमीन खोदने वाला धारदार हथियार) से तीनों के सिर को धड़ से अलग कर दिए। ट्रिपल मर्डर के पीछे की वजह चौंकाने वाली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पति लालू यादव ने पत्नी को चाय बनाने के लिए बोला था, लेकिन पत्नी ने चाय बनाने से मना कर दिया और पति का मजाक बनाते हुए हंसने लगी।

इस बात से गुस्साए आरोपी ने कमरा बंद कर तीनों की हत्या कर दी। मर्डर के बाद उसने ससुराल वालों को फोन कर वारदात की जानकारी दी और कहा कि अब लाश ले जाओ। मृतकों में सीमा देवी, बेटी सौम्या कुमारी( 8 ) और बेटा द्विदान्त कुमार( 8 माह) शामिल हैं। तीनों की लाश एक ही



कमरे में अर्धनग्न अवस्था में पाई गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी शख्स लालू यादव ( 35 ) को गिरफ्तार किया लेकिन वो थाना परिसर से मंगलवार की देर शाम भाग निकला। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी पति मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है।

### मर्डर के बाद ससुराल वालों को फोन किया

हत्या के बाद आरोपी पत्नी के मायके वालों को फोन किया था और कहा था कि तहार बेटी के काट देले बानी। आके लाश ले जा लोग। वारदात के दौरान महिला और उसके बच्चे चिल्ला रहे थे। ग्रामीणों को लगा था कि रोज की तरह झगड़ा हो रहा, लेकिन जब दर्द भरी आवाज बचाओ-बचाओ की आवाज सभी ने सुनी तब ग्रामीण उसके घर की ओर बढ़े। आरोपी ने ग्रामीणों को भी धमकाया था काट देंगे।

### पुलिस को देखकर भागने लगा

लालू यादव के फोन के बाद सीमा देवी के मायके जमुआंव गांव में शंका हुई। मायका वालों ने बताया कि घबरा कर हमलोग मिल्की टोला पहुंचे। देखा कि तीन शव घर में पड़ा था। उसी समय पुलिस आई, लल्लू यादव घर से भागने लगा। भागते हुए लालू यादव को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लल्लू यादव एक सनकी किस्म का व्यक्ति है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शादी 2014 में संदेश प्रखंड के जमुआव गांव की सीमा के साथ हुई थी।

### मानसिक रूप से कमजोर है आरोपी लालू

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि लालू मंदबुद्धि का बताया जा रहा है। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ हो रही है।

### ननिहाल में होने से दूसरी बेटी की जान बची

ग्रामीणों ने बताया कि लालू यादव एक सनकी किस्म का व्यक्ति है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शादी 2014 में संदेश प्रखंड के जमुआव गांवके सीमा के साथ हुई थी। उसकी दो बेटी सौम्या कुमारी( 8 ), सोनाक्षी कुमारी( 7 ) और एक बेटा द्विदान्त कुमार था। सोनाक्षी कुमारी अपने नानी के घर पर रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव



**पटना।** पटना जिले के दनियावां में सड़क किनारे एक अधेड़ का शव मिला है। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया। शिनाख्त की कोशिश जारी है। न्यू बाइपास से 50 गज अंदर धान के खेत में शव पड़ा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस की घटना की सूचना दी। डेड बॉडी पर खून का धब्बा और घाव के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है हत्या के अपराधियों ने शव सुनसान जगह पर फेंक दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं, दनियावां थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि खेत से अधेड़ का शव मिला है। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने बाद हत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

### UG-PG छात्र-छात्राओं को बनाना होगा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट अकाउंट



**पटना।** सभी स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) छात्र-छात्राओं को अब एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में अकाउंट बनाना होगा। यूजीसी, मिनिस्टरी ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से सूचना जारी की गई है। साथ ही लिंक भी जारी किया गया है, जिसे छात्रों को भरना है। एबीसी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा में कहीं भी दूसरे संस्थान में जाने पर क्रेडिट ट्रांसफर में काफी सहायक होगा। साथ ही छात्र मल्टी डिसिप्लीनरी कोर्स करके भी क्रेडिट प्राप्त करेंगे तो उनके प्वाइंट्स को रिजल्ट में जोड़ा जाएगा। छात्रों के द्वारा उनके कोर्स के दौरान प्राप्त सारे क्रेडिट एक जगह डिजिलॉकर में पूरे डॉक्यूमेंट्स के साथ अपलोड रहेंगे। जब कभी भी च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत छात्र का किसी दूसरे उच्च शिक्षण संस्थान में नामांकन होता है तो आसानी से क्रेडिट ट्रांसफर किया जा सकता है। साथ ही नौकरी में भी जाएंगे तो डिजि लॉकर में छात्र अपनी सारी डिग्री दिखा सकते हैं, वह पूरी तरह से वैलिड है। एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत उनके अटेंडेंस, करिकुलर एक्टिविटीज में उनका पार्टिसिपेशन के आधार पर उन्हें एग्जामिनेशन के समय मार्क्स दिए जाएंगे। इसमें स्टूडेंट्स को 40 में से कम से कम 28 मार्क्स लाने होंगे।

### पटना समेत 26 जिलों में बारिश का अलर्ट, जहानाबाद में आकाशीय बिजली से युवक की मौत



**पटना।** बिहार के कई हिस्सों में झमाझम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 12 से 14 सितंबर तक दक्षिण और उत्तर बिहार के कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के 26 जिलों बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के पास एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह उत्तर पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में इसके बंगाल के तटीय इलाकों में पहुंचने की संभावना है। इस वजह से कई जिलों में बारिश होगी। वहीं, मंगलवार देर शाम जहानाबाद के बनछीली गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बारिश से बचने के लिए युवक पेड़ के नीचे छिपा था। तभी पेड़ पर ही आकाशीय बिजली गिरी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### बिजली बिल में सुधार के लिए 14 को हर ब्लॉक में लगेगा कैंप



**पटना।** बिजली बिल में सुधार करने और खराब मीटर को बदलने के लिए 14 सितंबर को हर ब्लॉक में कैंप लगेगा। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के जीएम राजस्व अरविंद कुमार ने कहा कि बिजली कंपनी के हेल्प लाइन नंबर-1912 पर बिलिंग और मीटर खराब होने की लगातार शिकायत मिल रही है। इस समस्या के निदान के लिए ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर समस्या का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। 14 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लोग शिकायतों के संबंध में आवेदन देंगे। 276 करोड अधिक की वसूली : साउथ बिहार के 17 जिलों में अप्रैल से अगस्त तक 3570 करोड़ राजस्व की वसूली है। यह पिछले साल की तुलना में 276 करोड़ अधिक है। इस दौरान बिजली बिल बकाया रखने वाले 1,21,965 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई। बिजली चोरी करने वाले 13,195 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### महावीर आरोग्य में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच की शुरुआत

**पटना।** महावीर आरोग्य संस्थान में निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच की शुरूआत मंगलवार से हो गई। महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने शुभारंभ किया। महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को यह जांच होगी। पटना के कंकड़बाग स्थित महावीर आरोग्य संस्थान के इंस्टीट्यूट ऑफ गेस्ट्रोएंटेरोलॉजी में यह जांच होगी। महावीर आरोग्य संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ. राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि अव्यवस्थित दिनचर्या के कारण लीवर से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं। आज के दौर में लोग पैदल कम चल रहे हैं। इसके कारण लीवर का फाइब्रोसिस ज्यादा हो रहा है। फैटी लीवर और लीवर स्टीफनेस की जांच फाइब्रोस्कैनर मशीन से होगी। हेपेटाइटिस और लीवर सिरोसिस की बीमारियों के लीवर पर पड़नेवाले प्रभाव की जांच भी इस मशीन से होगी। पहले दिन 40 मरीजों का फाइब्रोस्कैन जांच की गई। आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि महावीर आरोग्य संस्थान महावीर मंदिर न्यास का पहला अस्पताल है।

### ज्ञान भवन में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजनःबिहार के विकास में आमजन की भागीदारी बढ़ानी होगी : ललन सिंह

**पटना।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि बिहार के विकास में आमजन की भागीदारी को बढ़ाना है। बिहार को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए एकजुट होकर काम करना है। ये बातें उन्होंने ज्ञान भवन में सामाजिक न्याय एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में कहीं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि स्मार्ट शहर की तर्ज पर बिहार में स्मार्ट गांव बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 तक गांवों में 1175 लाख स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य है। अबतक 3 लाख स्ट्रीट लाइट लग चुकी हैं। 8053 ग्राम पंचायतों में से 1465 में पंचायत सरकार भवन बन चुके हैं। 8165 पंचायत सरकार भवन निर्माणाधीन हैं। शेष भवनों के निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है। पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया गया है। ग्रामीण पेयजल योजना के तहत ग्रामीणों के दरवाजे तक पाइप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। करीब 97 प्रतिशत परिवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा भी मौजूद रहे।

# बिहार में 16.37 लाख राशन कार्ड कैंसिल किया गया

## मुर्दों के नाम लिया जा रहा था 5 किलो अनाज, E-KYC से हुआ खुलासा

एजेंसी, पटना।



बिहार में 16 लाख 37 हजार राशन कार्ड कैंसिल किया गया है। यह कार्ड मृतक व्यक्ति के नाम पर था, जिसपर प्रत्येक महीने 5 किलो अनाज लिया जा रहा था। E-KYC से खुलासा होने के बाद खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग ने अवैध राशन कार्ड को कैंसिल किया है। इतना ही नहीं, 2 लाख 77 हजार ऐसे लोग सामने आए हैं जो बिहार से बाहर रह रहे हैं। ये लोग दोनों राज्यों में सरकारी अनाज ले रहे हैं। जानिए कैसे पकड़ में आया पूरा मामला और क्यों करना पड़ा 16 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द।

**E-KYC से सामने आया मामलाः** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो मर चुके हैं, उनके नाम को राशन कार्ड से हटाया गया है। E-KYC कराने से यह डाटा सामने आया है। उन्होंने बताया कि 8 करोड़ 35 लाख राशन कार्ड में से 8 करोड़ 4 लाख यानी 95% कार्डधारी का आधार सीडिंग हो चुके हैं। 5 करोड़ 10 लाख लोगों का E-KYC किया गया है, जबकि 3 करोड़ 24 लाख प्रोसेस में है। E-KYC की प्रक्रिया पूरी होने के बाद और कार्ड भी कैंसिल किया जाएगा।

**2 लाख से अधिक लोग ले रहे थे दो राज्यों में राशनः** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया 2 लाख 77 हजार ऐसे परिवार हैं, जो दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं। वन नेशन वन राशन योजना के तहत एक जगह से ही अनाज ले सकते हैं, लेकिन दूसरे राज्यों में भी अनाज उठा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में इनकी संख्या सबसे ज्यादा एक लाख 95 हजार हैं। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल समेत अन्य राज्यों में भी बिहार के परिवार अनाज उठा रहे हैं। बिहार में दूसरे राज्यों के सिर्फ 6 हजार ऐसे परिवार हैं, जो पीडीएस से अनाज ले रहे हैं।

**90 प्रतिशत परिवार की मुखिया महिलाः** विभाग की ओर से जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके मुताबिक, राज्य में 90 प्रतिशत परिवार की मुखिया घर की महिलाएं हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1 करोड़ 97 लाख परिवारों का राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है। 22 लाख 88 हजार अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड हैं, जबकि एक करोड़ 74 लाख राशन कार्ड पीएचएच श्रेणी के हैं। इन राशन कार्ड में 90% कार्डधारी परिवार में मुखिया के तौर महिलाओं का नाम दर्ज है। विभाग के अनुसार, राज्य में 65.61 लाख से अधिक राशन कार्डधारी हैं।

# हाईकोर्ट ने 4 आतंकियों की फांसी को उम्रकैद में बदला

एजेंसी, पटना।



**कहा- उम्र कम है, उन्हें भी जीने का अधिकार, मोदी की सभा में किए थे ब्लास्ट**

पटना के गांधी मैदान में 27 अक्टूबर 2013 को नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली में हुए सीरियल ब्लास्ट में पटना हाईकोर्ट ने 4 आतंकियों की फांसी को उम्रकैद में बदला है। सिविल कोर्ट ने सभी को फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने बाकी 2 दोषियों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। ब्लास्ट में निचली अदालत ने 4 को फांसी और 2 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। स्पेशल पीपी (पब्लिक प्रोसिक्यूटर) NIA मनोज कुमार सिंह ने कहा कि 'ये बहुत अच्छा फैसला है। कोर्ट ने आरोपियों की उम्र को देखते हुए फांसी की सजा उम्र कैद में बदला है। सभी आरोपियों की उम्र कम है। हम लोगों ने घटना की गंभीरता को लेकर दलील दी थीं। न्यायालय ने कहा कि उम्र कम है, इन लोगों को भी जीने का अधिकार है। इसलिए फांसी की सजा नहीं दी गई।' सभी दोषियों की उम्र 30 से 35 साल के बीच है।

**फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारीः** दोषियों के वकील इमरान घानी ने बताया कि 'अपील पर सुनवाई करते हुए 4 दोषियों को आजीवन कारावास (30 साल) की सजा सुनाई है, जबकि 2 दोषियों के लिए निचली अदालत के फैसले को सुरक्षित रखा है। यह फैसला जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने दिया है। नुमान अंसारी, मोहम्मद मजीबुल्ला, हैदर अली, इम्तियाज आलम को निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया है। वहीं, उमैर सिद्दकी और अजरहुद्दीन कुरैशी के लिए निचली अदालत का जो आजीवन कारावास का फैसला है, उसे यथावत रखा है। बचाव पक्ष के वकील इमारन घानी ने बताया कि इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।'

# दानापुर में दंपति समेत 3 लोग गिरफ्तार

एजेंसी, पटना।



**25 पुड़िया स्मैक और 16 हजार नकद बरामद, चार साल से कर रहे थे तस्करी**

दानापुर के शाहपुर में पुलिस ने पति-पत्नी समेत 3 लोगों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। 25 पुड़िया स्मैक और 16 हजार नकद बरामद हुआ है। गिरफ्तार दंपति की पहचान लक्ष्मी उर्फ लक्ष्मीनिया देवी और जितेंद्र उर्फ जीतू उर्फ शाका के तौर पर हुई है। जबकि जोगिंद्र राम दंपति से स्मैक लेकर इलाके में बेचता था।

**गुप्त सूचना के अधार पर पुलिस ने तस्करों को पकड़ाः** थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि तुरहा टोली में कब्रिस्तान के पास स्मैक तस्करी की सूचना मिली थी। इनपुट के आधार पर पीएसआई आशीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। छापेमारी कर सबसे पहले महिला लक्ष्मी देवी को पकड़ा। तलाशी के दौरान स्मैक मिला। कड़ाई से पूछताछ करने पर पति और एक अन्य युवक का नाम बताया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**मुख्य सरगना फरारः** पूछताछ में पता चला है कि करीब 4 साल से स्मैक की तस्करी कर रहे थे। गिरोह का मुख्य सरगना मुबारकपुर कृषि फार्म निवासी राजन कुमार है। जो फिलहाल फरार है। राजन से ही ये लोग स्मैक खरीदते थे। शाका के खिलाफ पहले से ही शाहपुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है।

# अनंत के करीबी बंटू सिंह बने राजद प्रदेश प्रवक्ता

## नीतीश-अनंत की मुलाकात के बाद राजद का बड़ा कदम

एजेंसी, पटना।



अनंत सिंह के हनुमान माने जाने वाले बंटू सिंह के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव। एक बार फिर से राजद ने बंटू सिंह को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह के हुनमान कहे जाने वाले श्रवण सिंह उर्फ बंटू सिंह को एक बार फिर से राजद ने प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। RJD के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बंटू सिंह के मनोनयन की अधिसूचना बुधवार को जारी की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज एहमद ने कहा है कि बंटू सिंह को पार्टी की नीति और सिद्धांतों के अनुरूप बेहतर तरीके से पार्टी के विचारों को मजबूती से रखने का काम करेंगे।

**नीतीश-अनंत की मुलाकात के बाद राजद का बड़ा कदमः** बंटू सिंह 2021 में RJD प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए थे, लेकिन बाद के समय में पुनर्गठन में उन्हें प्रवक्ता से हटा दिया गया था। वहीं अब जब 9 सितंबर को नीतीश कुमार और अनंत सिंह की मुलाकात मोकामा में हुई है तो उसके बाद बंटू सिंह को आरजेडी का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने से राजनीतिक गरमाहट बढ़ गई है। नीतीश कुमार और अनंत सिंह के बीच आधे घंटे की बातचीत हुई थी। ऐसे में जब अनंत सिंह लालू यादव और तेजस्वी यादव को कोस रहे हैं, तब उनके हनुमान को बड़ी जिम्मेदारी देने से नई खिचड़ी पकने की संभावना दिख रही है।

**अनंत सिंह की पत्नी ने पाला बदला, कोर्ट से भी बरीः** अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी RJD की टिकट पर मोकामा का उपचुनाव जीती। वहीं नीतीश कुमार जब राजद से नाता तोड़ एनडीए के साथ सरकार बनाने लगे तो नीलम देवी ने पाला बदल लिया था। पाला बदल कर वह JDU खेमे में चली गई। इसके बाद लोकसभा चुनाव में अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आए तो JDU के उम्मीदवार ललन सिंह को इससे फायदा हुआ। वो चुनाव जीते। फिर एके-47 मामले में अनंत सिंह हाईकोर्ट से बरी होकर बाहर आ गए। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें 10 साल की सजा दी थी, लेकिन अनंत सिंह हाईकोर्ट गए और साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए। वो विधान सभा चुनाव भी लड़ सकते हैं।

**कार्तिकेय को मंत्री तक बनवाया थाः** अनंत सिंह के करीबी कार्तिकेय को RJD ने MLC का टिकट दिया था और वो 2022 में नीतीश-तेजस्वी सरकार में कानून मंत्री बनाए गए थे। बाद में उनसे यह विभाग लेकर गन्ना विभाग दे दिया गया। दिलचस्प बात तो यह है कि उसी दिन शाम में उन्हें यह विभाग भी छोड़ने पड़ा था। इससे बाद यह चर्चा तेज हुई थी कि अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को मंत्री पद दिया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**विधानसभा चुनाव की राजनीतिः** अनंत सिंह की पत्नी ने सरकार बदलने के बाद पाला बदल ही लिया था। कोर्ट से बाहर आने के बाद अनंत सिंह ने लालू यादव और तेजस्वी यादव की आलोचना शुरू कर दी है। वो नीतीश कुमार से तरीफ करते नहीं थक रहे। वहीं नीतीश-अनंत की दो दिन पहले हुई मुलाकात के बाद उनके करीबी बंटू सिंह को राजद का प्रदेश प्रवक्ता बनाया जाना आगे की नई रणनीति के संकेत हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो बंटू सिंह को आरजेडी प्रवक्ता नीरज कुमार को उनकी शैली में जवाब देने के लिए प्रवक्ता बनाया गया है, लेकिन बात इतनी भर नहीं है। बंटू सिंह को प्रवक्ता बनाया जाने को विधानसभा चुनाव की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

# पटना में XUV ने ऑटो में मारी टक्कर, ड्राइवर घायल, बीच सड़क पर पलटी ऑटो

एजेंसी, पटना।



**♦ पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल**

पटना में मंगलवार की देर रात XUV और ऑटो में भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान ऑटो चालक विकास कुमार (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना नौबतपुर थाना के सूर्य मंदिर के पास की है। घटना की सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल ऑटो ड्राइवर को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी रजनीश कुमार केसरी ने बताया कि XUV पर एक महिला सहित चार लोग बैठे थे। सभी से थाने ले जाकर पूछताछ की गई। फिर उन्हें छोड़ दिया गया।

**बीच सड़क पर पलट गई ऑटोः** घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पटना की तरफ से एक तेज रफ्तार से XUV गाड़ी आ रही थी। गाड़ी में चार लोग बैठे थे। इसी दौरान सड़क के किनारे से जा रही एक ऑटो में XUV ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो बीच सड़क पर पलट गई और ऑटो में सवार ड्राइवर घायल हो गए। जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। सूचना मिलते ही नौबतपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो चालक को अस्पताल पहुंचाया।

# जमीन का पैसा मांगने पर तलवार से हमला, हाथ कटा

एजेंसी, पटना।



**पटना में 89 लाख रुपए को लेकर चल रहा था विवाद**

पटना के फुलवारी के ताजनगर पेट्रोल पंप के निकट जमीन का पैसा मांगने पर तलवार से हमला कर हाथ काट दिया गया। इस मामले को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। मूल रूप से बक्सर निवासी मो. आमिर नेअपना पुश्तैनी मकान बेचकर ताज नगर इलाके में जमीन के लिए मो. फिरोज को 89 लाख रुपए दिए थे। फिरोज ने न तो जमीन दी और न ही पैसे लौटाए। इस बाबत पहले मो. फिरोज के खिलाफ आवेदन दिया था, मगर पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं की। आमिर जब अपने रुपए मांगता तो फिरोज टालमटोल करता। इसी दौरान तलवार से हमला कर दिया, जिसके कारण मो. आमिर का हाथ कट गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस पहुंची तो वह तलवार चलाते हुए छत से कूद कर फरार हो गया। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ब्रॉडसन कंपनी पर EOU में दर्ज होगा एक और केस

एजेंसी, पटना।




ब्रॉडसन कंपनी के निदेशक मंडल समेत इस कंपनी से जुड़े लोगों की परेशानी और बढ़ने वाली है। इस कंपनी से जुड़े लोगों पर EOU में एक और केस दर्ज होने जा रहा है। ईडी ने अपनी जांच में पाया है कि इस कंपनी ने 45 करोड़ की टैक्स चोरी की और जिससे सरकार को राजस्व में चपत लगी। ईडी ने बिहार पुलिस की EOU को कंपनी पर टैक्स चोरी करने, अवैध रूप से बालू खनन करने के बाबत केस करने के लिए पूरा साक्ष्य दिया है। सूत्रों के अनुसार ईडी से मिले साक्ष्य के आधार पर EOU ब्रॉडसन के खिलाफ जल्द ही केस दर्ज करने वाली है। साक्ष्य की जांच होने के बाद ब्रॉडसन कंपनी से जुड़े राजद नेता सुभाष यादव, अशोक कुमार गुप्ता, जदयू एमएलसी राधाचरण सेठ, कन्हैया प्रसाद के अलावा धनबाद के मिथिलेश सिंह, बबन सिंह, जगनारायण सिंह, सतीश सिंह समेत अन्य स्थानों के कई बालू माफिया के खिलाफ एक और केस EOU में होने जा रहा है। इन सबों पर औरंगाबाद और गया समेत अन्य जिलों के थानों में बालू के अवैध खनन से लेकर अन्य मामलों में इस कंपनी के खिलाफ 75 से अधिक केस दर्ज हैं। सोमवार को ही ईडी ने सुभाष यादव और अशोक कुमार के पटना से लेकर देहरादून और गाजियाबाद में सुभाष और अशोक ठिकानों पर छापेमारी कर 67 करोड़ 50 लाख की पांच अचल संपत्तियों को जब्त किया था।

# बिहार में मिले डेंगू के 82 मामले, 32 सिर्फ पटना से

एजेंसी, पटना।



**राजधानी के कई इलाकों में एंटी लार्वा का छिड़काव-फॉगिंग तक नहीं हुआ, अस्पतालों को अलर्ट रहने का निर्देश**

बिहार में लगातार डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में 82 नए मरीज मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 32 मरीज राजधानी पटना में मिले हैं। इसके अलावा औरंगाबाद में 9, गया में 7, मुजफ्फरपुर में 5, नालंदा 4, नवादा 3, बेगूसराय 3, बक्सर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी में 2-2 नए डेंगू पीड़ित मिले हैं। अरवल, भागलपुर, जहानाबाद, खगड़िया, मधेपुरा, सारण, सुपौल और पश्चिम चंपारण में एक-एक नए डेंगू मरीज मिले हैं। वहीं पटना में डेंगू पीड़ितों की संख्या को देखते हुए निगम प्रशासन ने तय किया है कि अगस्त और सितंबर महीने में शहर के प्रत्येक घर में तीन बार एंटी लार्वा का छिड़काव करना है। लेकिन हकीकत यह है कि शहर के कई ऐसी घनी आबादी वाले क्षेत्र व मोहल्ले हैं जहां के घरों व गलियों में एक बार भी एंटी लार्वा छिड़काव करने वाली टीम नहीं पहुंच सकी है। फॉगिंग का काम भी नाकाफी साबित हो रहा है। एंटी लार्वा के छिड़काव व फॉगिंग के लिए निगम ने 75 वार्डों को 375 सेक्टर में बांटा है। प्रत्येक सेक्टर में प्रतिदिन 50 घरों में छिड़काव किया जाना है। निगम द्वारा लक्ष्य रखा गया है कि आगामी त्योहार से पूर्व हर घर तक तीन बार निगम की टीम एंटी लार्वा के लिए पहुंचेगी। लेकिन यह सारी कवायद बेअसर साबित हो रही है।

**बेड व दवा की व्यवस्था ठीक रखें : प्रत्यय अमृतः** डेंगू को लेकर अस्पतालों को अलर्ट रहने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से दिया है। उन्होंने सभी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए बेड सुरक्षित रखने, दवा, मच्छरदानी और जांच की व्यवस्था दुरूस्त रखने का निर्देश दिया है। इससे मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे तो उसे बेड मिल जाए और उनका इलाज तुरंत शुरू हो जाए। राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए डेंगू वार्ड बनाया गया है।

**सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षितः** जनवरी से लेकर 9 दिसंबर तक पूरे राज्य में कुल 1 हजार 228 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। इसमें सबसे अधिक मरीज 570 पटना के हैं। इसके अलावा गया में 77 मुजफ्फरपुर 60 और समस्तीपुर में 51 मरीज मिले है। डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इसके साथ ही विभाग के प्रमुख सचिव ने कहा है कि हर हाल में सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षित रखें। प्रत्येक जिला अस्पताल में 5 बेड और पीएचसी और सीएचसी में दो-दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखा जाए। मंकीपॉक्स को लेकर भी सचेत किया गया। मंगलवार को इस मामले पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक और सिविल सर्जन के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग से मीटिंग की है। DM डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और नगर निकायों के लगातार संपर्क में हैं। समीक्षा हो रही है। दो दिनों में पटना का NMCH अस्पताल डेंगू अस्पताल के तौर पर डिक्लियर कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाँच बिजली चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**चाणकय भूमि मैनाटांड़।** अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने को लेकर मैनाटड़ थाना में पांच उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने मामला दर्ज कराया है। मामले मे कनीय अभियंता ने जानकारी देते हुये बताया कि रमपुरवा के बृजेश महतो के द्वारा 14339 रुपये, रामकिशुन महतो के द्वारा 23840 रुपये, हरदेव महतो के द्वारा 20085 रुपये, मुकेश कुमार के द्वारा 14032 रूपये और रेखा महतो के द्वारा 3207 रुपया की बिजली विभाग को क्षति पहुंचायी गयी है। जिसको लेकर मैनाटाड़ थाना में आवेदन प्रतिवेदित कर दिया गया है। वहीं मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार कुमार ने बताया कि उक्त सभी लोगों के विरुद्ध थाना में बिजली चोरी को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। उधर जेई श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अभियान चलाकर बिजली बकायेदारों का संबंध विच्छेद और कार्रवाई का काम किया जा रहा है। डिफाल्टर लोग राशि जमा किये बिना अगर बिजली जलाते है तो उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

### मारपीट मामले के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चाणक्य भूमि बैरिया।** बैरिया पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पखनाहा-डुमरिया पंचायत के मोतीपुर गांव से मारपीट के मामले में पारन गद्दी, हाकिम गद्दी एवं चंदेव गद्दी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपीयों पर न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत था पुलिस ने करवाई करते हुए बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज भेज दिया।

### राष्ट्रपति भवन द्वारा अमृत भूमि पर्यावरण संरक्षण पर आर्टिस्ट अनिकेत राज ने प्रतिज्ञा लिया



**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रिय विश्वविद्यालय मीडिया अध्यन डिपार्टमेंट के 5th सेमेस्टर के होनहार छात्र आर्टिस्ट अनिकेत राज ने 10 सितंबर ऑनलाइन अयोजित हुई थी राष्ट्रपति भवन द्वारा अमृत भूमि पर्यावरण संरक्षण आर्टिस्ट अनिकेत राज ने प्रतिज्ञा लिया । अमृत भूमि प्रतिज्ञा में श्री राज ने कहा मैं हमारे पर्यावरण का एक समर्पित संरक्षक बनने की प्रतिज्ञा करता हूं। मैं अमृत उद्यान में उद्यान उत्सव के अवसर पर मैं वृक्षारोपण और संरक्षण प्रयासों से सक्रिय रूप में शामिल होने की प्रतिज्ञा करता हूं। मैं वायु को शुद्ध करने जैव विविधता का समर्थन करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में उनके महत्व को जानते हो पेड़ लगाऊंगा और उनकी देखभाल करूंगा । मैं अपने दैनिक जीवन में अपशिष्ट को काम करने पुनर्चक्रण रीसाइक्लिंग और पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं हरित स्थान के संरक्षण का समर्थन करूंगा और अपने समुदाय के भीतर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दूंगा।आपको बता दें कि श्री राज ने नई दिल्ली,उत्तर प्रदेश के गाजीपुर , लखनऊ,वाराणसी, चंदौली, सैयदराजा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय में ऑनलाइन गूगल मीत के माध्यम से और अपने पूर्वी चंपारण मोतिहारी में अपने यूनिवर्सिटी में एक पेड़ मां एवं स्थानीय गांव में जाकर लोगों को पेड़ देकर उन्होंने जागरूक किया हैं । आपको बता दें कि आर्टिस्ट अनिकेत राज कला एवं संस्कृति पेंटिंग के क्षेत्र में विद्यालय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं अभी कुछ दिन पहले ही उन्होंने मोतिहारी में गांधी ऑडिटोरियम में बिहार के राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर जी को पोर्ट्रेट पेंटिंग शिष्टाचार भेंट करके और अपने पूर्वी चंपारण मोतिहारी का नाम पेंटिंग के क्षेत्र में गौरवान्वित किया है । राष्ट्रपति भवन द्वारा अमृत भूमि प्रतिज्ञा लेने के बाद अनिकेत नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर के महामहिम उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा के सरकारी पर आशीर्वाद लिया राज्यपाल मनोज सिन्हा ने अनिकेत के कला एवं संस्कृति पेंटिंग के क्षेत्र में निम्नलिखित उपलब्धियां पर प्रशंसा किए उन्होंने कहा की अपने माता पिता और बिहार प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन करो ये मेरा आशिर्वाद हैं साथ में केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

### बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल की बैठक आयोजित



**मोतिहारी ।** जिला राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में विधानसभा के प्रखंड के बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल के विधानसभा के सभी पंचायत अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मोतीहारी प्रखंड के राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष कृष्णा दास ने किया। मंच संचालन जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव सुरेश साहनी ने किया। इस अवसर पर नेता लालू प्रसाद यादव एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा दिए गए घड़ी का वितरण विधायक सह राजद जिला अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के दिशा निर्देश पर दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मोतिहारी विधानसभा के प्रखंड अध्यक्ष के साथ सभी पंचायत अध्यक्ष पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। इस बैठक में सभी ने परण लिया कि मिशन 2025 में होने वाले विधानसभा में नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनना है। इस अवसर पर मेयर प्रीति कुमारी ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष पार्टी को जमीन स्तर पर मजबूत करते हैं। अतः पंचायत अध्यक्ष अपने-अपने पंचायत में जाकर बूथ स्तर को मजबूत करें और 17 महीना में तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा की गई की उपलब्धियां को बताएं लोगों को बताना है कि किस तरह 2019 में धोखा कर एनडीए सरकार सत्ता में आई है। इस अवसर पर युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय निराला ने कहा कि जातिगत जनगणना को लेकर लोगों को इसके फायदे नुकसान के बारे में बताना है। उन्होंने कहा एनडीए सरकार आरक्षण विरोधी है। इस अवसर पर प्रधान महासचिव सुरेश सहनी ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कार्यकर्ताओं से मिलने को लेकर पूरे बिहार के लिए निकल चुके हैं। इस मौके पर मोतिहारी में भी उनका आगमन होगा कार्यकर्ता संवाद करेंगे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। इस यात्रा को लेकर एनडीए की नेताओं की नींद उड़ गई है। मौके पर पूर्व प्रत्याशी ओमप्रकाश साहनी युवा प्रदेश उपाध्यक्ष संजय निराला मोतीहारी प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा दास युवा राजद अध्यक्ष नुरुल हुदा अंसारी मीडिया प्रभारी जावेद अहमद पूनम देवी लाल बाबू खान मनोज यादव गणेश माझी मुनीलाल यादव मुन्ना पंडित लालबाबू यादव जितेंद्र प्रसाद गौतम यादव हरिशंकर प्रसाद कुशवाहा उगम राय बालेश्वर यादव रामेश्वर प्रसाद कुशवाहा रविंद्र यादव ध्रुव नारायण कुशवाहा नरेश जी सजावल राय लालू पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

### बच्चा सिंह महाविद्यालय केसरिया में 12 सितम्बर से भरा जाएगा इंटरमीडिएट का फॉर्म

**केसरिया, पू.च।** बिहार बोर्ड इंटर वार्षिक परीक्षा 2025 के लिए फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी है।स्थानीय बच्चा प्रसाद इन्टर कालेज के प्राचार्य विजय प्रसाद सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-25 सत्र के लिए इस कॉलेज में 12 सितंबर से 22 सितंबर तक फार्म भरे जायेगें। छात्र/छात्राएँ इस दौरान रसीद, फोटो, अधार, बैंक की खाता व अन्य कागजात की छायाप्रति लेकर आएँगे।

# श्री बलभद्र पूजन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

चाणक्य भूमि जयनगर



जयनगर में आज भगवान श्री बलभद्र पूजन महोत्सव को ढोल नगाड़ों व रथ पर सुसज्जित भगवान बलभद्र की झांकी और भव्य शोभायात्रा आज दिन बुधवार को धूमधाम से निकाला गया। आगे बताते चलें कि समस्त जगत के सर्व कल्याण हेतू भगवान बलभद्र पूजन महोत्सव आयोजित हुआ, इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में कलवार समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

व्याहुत कलवार समिति ने कलवार जाती के कुल देवता भगवान श्री बलभद्र जी के जयंती के शुभ अवसर पर पूजन महोत्सव मेन रोड स्थित मारवाड़ी विवाह भवन परिसर में किया, इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का शुभारंभ विधिविधान और पूजा अर्चना कर रथ पर सवार भगवान बलभद्र, राधे कृष्ण, भोलेनाथ, वीर बजरंगबलि, सुदामा समेत अन्य देवी देवताओं की मनमोहक झांकी और ढोल नगाड़ा, बैंड बाजे के साथ स्वजाति के हजारों श्रद्धालु भक्तजन ने हाथों में बलभद्र ध्वजा लेते हुए बलभद्र भगवान के जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

बताते चलें कि यह शोभायात्रा धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम स्थल परिसर से प्रारम्भ होकर पूरे शहर जयनगर में भ्रमण करते हुए पवित्र कमला नदी पहुंचकर मां कमला की विधिवत पूजा अर्चना कर कलवार समाज की महिलाओं ने कलशों में जल भरकर पूजन स्थल पर स्थापित किया गया। श्री बलभद्र भगवान की जय कारें उद्घोष से पूरे क्षेत्र में गुंजयमान और भक्तिमय का माहौल हो गया। पंडित अरविंद तिवारी के द्वारा सभी यजमानों के साथ भगवान कृष्ण के बड़े भाई बलराम जिन्हें बलभद्र के नाम से जाना जाता है, उनकी मनमोहक प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। आगे, पूजन के पश्चात दीप प्रज्वलित कर स्वजातीय सम्मेलन परिचय और सम्मान कार्यक्रम हुआ और भगवान बलभद्र की कथा लीला पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।सभी वक्ताओं अपने संबोधन में कहा कि भगवान बलभद्र व्याहुत कलवार स्वजाति के कुल देवता है, भगवान बलभद्र बलराम है, जो भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई दाऊ है, व्याहुत स्वजाति के सभी के सहयोग से धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संध्या में भक्तिमय गीत, संगीत, नृत्य, सांस्कृतिक जागरण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बुजुर्गों और स्वजाति के सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में भक्ति संगीत, बलभद्र वंदना, महाआरती, विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के माध्यम से सर्व कल्याण, व्यवसाय और देश की तरक्की, विश्व में शांति, महामारी से बचाव की कामना और सभी के मंगलकामना को लेकर यह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया गया है और आगे बताया की हम सभी ने संकल्प लिया है कि समाज को शिक्षित बनाना है और नशा पान से दूर रहना है तथा आपसी सौहार्द बनाए रखना, पीड़ित और निःसहाय की निःस्वार्थ भाव सेवा करना, देश के लिए एकता, धर्म और सत्कर्म के मार्गो पर चलने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया है।इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में जयनगर और आस पास गांवो एवं जनकपुर नेपाल व जिला क्षेत्र के बासोपट्टी, कलुआही, गोबराही, देवधा, वीरपुर, महिनाथपुर, मालटोल, दुहबी, डीहटोल, बरदेपुर समेत अन्य गांवो एवं नेपाल के स्वजाति बड़ी संख्या में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हुए है। इस कार्यक्रम के मौके पर आयोजन को सफल बनाने में समिति के धर्मेंद्र कुमार गुड्डू, सुरेश प्रसाद, संजीव कुमार छोटू, अजय प्रसाद, अवध किशोर साह, गोपाल साह, विनोद साह, योगेंद्र साह, श्रीनारायण साह, छठी लाल साह, अच्छे लाल प्रसाद, शम्भू साह, जनार्दन साह, कृष्ण कांत साह, चंदन कुमार, संतोष साह,रमेश कुमार, जितेंद्र प्रसाद, विजय साह, राजेश साह, मुन्ना साह सहित व्याहुत कलवार समिति के कई सदस्य काफी संख्या में शामिल हुए तथा हजारों की संख्या में व्याहुत कलवार समिति के महिला, पुरुष, युवा, युवतियों और बच्चों ने धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में भाग लिया।

## मुख्यमंत्री से कमला बाराज को मरीन ड्राइव में बदलने की माँग

चा० भूमि जयनगर



विश्व गुरु भारत सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत, सचिव बिहारी कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखित आवेदन समर्पित करते हुए कहा है कि पटना मरीन ड्राइव के तर्ज पर जयनगर कमला बाराज से डोरवार घाट होते हुए सुक्की साइफन तक कमला मरीन ड्राइव के रूप में विकसित करने की मांग की है। बताते चलें कि ट्रस्ट के अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने बताया कि भारत/नेपाल की सीमा पर अवस्थित मधुबनी जिले के जयनगर शहर विकास की रोशनी से कोसों दूर है तथा जयनगर कमला नदी में बराज का निर्माण बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि पटना के मरीन ड्राइव के तर्ज पर कमला बाराज से डोरवार घाट होते हुए सुक्की साइफन तक कमला मरीन ड्राइव के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है, क्योंकि आजादी के वर्षों बाद भी जयनगर अनुमंडल का जो विकास होना चाहिए था, वो अभी तक नहीं हो सका है, जयनगर कभी विधानसभा, लोकसभा हुआ करता था, जो आज ना ही यह विधानसभा है और ना ही लोकसभा है।

यहां तक के जयनगर नगर पंचायत को नगर परिषद का भी दर्जा भी प्राप्त नहीं हो सका, जबकि मधुबनी जिले के जयनगर अनुमंडल सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला अनुमंडल है। जयनगर शहर पवित्र कमला नदी के किनारे पर बसा है, लेकिन आजादी के बाद से अभी तक विधायक, सांसद, विधानपार्षद, राज्यसभा सदस्य यहां से निर्वाचित कभी नहीं हुए हैं।जिसके कारण जयनगर का विकास नहीं हो रहा है, जयनगर में एक भी सरकारी पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज उपलब्ध नहीं हैं। मात्र शहर में एक डी.बी. कॉलेज है जो बदहाल अवस्था में है, जिसे पूर्ण विकसित एवं व्यवस्थित तरीके से संचालन की आवश्यकता है।

आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जयनगर कमला बराज उद्घाटन के समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं शहीद चौक पर आरओबी पुल एवं डी. बी. कॉलेज का जीर्णोधार की घोषणा करते हुए तत्कालीन जिला पदाधिकारी को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिए थे, जो इतने दिनों के बाद भी धरातल पर उतर नहीं सका, जिसके कारण जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। जयनगर के बाबा पोखर एवं बासोपट्टी बभनदेई पोखर जो 52 एकड़ में फैला हुआ है, उसे भी मिथिलाहाट के तर्ज पर विकसित करने की आवश्यकता बताई। बताते चलें कि ट्रस्ट के अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार/बिहार सरकार से शीघ्र पटना मरीन ड्राइव के तर्ज पर जयनगर कमला बराज से डोरवार होते हुए सुक्की साईफन तक विकसित करने की मांग को उनके समक्ष रखा है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने के नानोसती चौक पर वाहन जांच की



चा० भूमि मझौलिया

जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में बुधवार को एनएच 727 के नानोसती चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया । इस दौरान छोटे बड़ी गाड़ियों का प्रदूषण, रजिस्ट्रेशन,ओभर लोडिंग सहित चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस का जांच किया गया। निरीक्षण के दौरान इंडियन ऑयल पम्प के शौचालय में ताला लगा हुआ था। जिसे देखकर परिवहन पदाधिकारी भड़क उठे तथा पम्प कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए शौचालय का ताला हमेशा खुला रखने एवं साफ सफाई सहित पुरुष एवं महिलाएं शौचालय अलग अलग रखने का निर्देश दिया।जांच के दौरान वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा।

# बीएम कॉलेज, रहिका की एनएसएस इकाई द्वारा संगोष्ठी

चा० भूमि मधुबनी



महान समाजसेवी महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं के द्वारा समाज में जागृति लाना तथा समाज कल्याण हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन करना। इससे छात्र-छात्राओं में सामाजिकता जागृत होती है। उक्त बातें बीएम कॉलेज, रहिका, मधुबनी की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित वृक्षारोपण सह "व्यक्तित्व- निर्माण में एनएसएस की भूमिका" विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डा. कुमार वैभव ने कही, आगे उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण भी एनएसएस का एक प्रमुख कार्यक्रम है।

एनएसएस से युवाओं में सामाजिकता एवं समाज- कल्याण की भावनाएं उत्पन्न होती हैं। मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर. एन चौरसिया ने कहा कि एनएसएस युवाओं में समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करता है। इसके द्वारा उनके व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता, सेवाभाव, सहयोग, परोपकार, दया आदि के भाव स्वतः आ जाते हैं। यह युवाओं में संस्कार तथा संस्कृति का आधान भी करता है, आगे कहा की युवाओं और छात्र अपने कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी, खेलकूद या सांस्कृतिक गतिविधियों में जरूर भाग लें, ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो, साथ ही कॉलेज परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के स्वयंसेवक अनुशासित एवं काफी सक्रिय हैं।

## हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा संगम तट



चा० भूमि वाल्मीकिनगर

वाल्मीकिनगर स्थित संगम तट पर भादो महीने के एकादशी और त्रयोदशी तिथि को शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लगभग 500 की संख्या में शिव भक्तों का जत्था वाल्मीकिनगर पहुंचा। शिव भक्तों के वाल्मीकिनगर आगमन से संगम तट गुलजार हो गया है। हर-हर महादेव के जयघोष से वाल्मीकिनगर कि फिजा शिवमय हो चली है। शिव भक्तों में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या देखी गई। ये शिव भक्त पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन, छोड़ादानों, चिरैया, ढाका, जिहुली पंचपकड़ी सहित अन्य जगहों से ट्रेक्टर की सवारी कर वाल्मीकिनगर पहुंचे हैं।

वाल्मीकि नगर पहुंचने के बाद शिव भक्तों को कई समस्याओं से जूझना पड़ा। जिसमे शौच एवं पेयजल प्रमुख है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला भक्तों को हुई। शिव भक्तों में रामेश्वर दास, मोहन श्रीवास्तव, रामेश्वर तिवारी, कौशल्या देवी, शोभा देवी ने बताया कि वाल्मीकिनगर में शौचालय व पेयजल की सुविधा को छोड़कर बाकी सब कुछ ठीक है। इस पर जनप्रतिनिधियों व सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

# जाली नोट के साथ तस्कर दो गिरफ्तार




चाणक्य भूमि

एसएसबी जवानों ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 10 हजार रुपये भारतीय मूल्य के जाली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसबी के सहायक सेनानायक गुलाब कुमार चौधरी के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक से नेपाल के भीष्वा बाजार के रास्ते जाली नोट लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं।

इसी बीच एक बाईक BR 22 AX 7273 भारतीय क्षेत्र में आती दिखी। चेक पोस्ट पर बाईक रोक कर तलाशी ली गई तो उस पर सवार लोगों के पास से 500 रुपये के 20 पीस जाली नोट बरामद किए गए। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर जवानों ने कार्रवाई के लिए सिकटा पुलिस को सौंप दिया।

# प्लमनरी टीबी से स्वस्थ होकर दूसरों के इलाज में सहयोग करते हैं टीबी चैंपियन महताब आलम

चाणक्य भूमि

**मोतिहारी।** मोतिहारी शहर के मिसकॉट, रमना के निवासी 34 वर्षीय महताब आलम उर्फ़ सोनू ऑटो रिक्शा चालक है जो अब "प्लमनरी टीबी" से स्वस्थ होकर अपने घर का गुजारा बेहतर ढंग से करते हुए समय निकालकर दूसरों के इलाज में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। महताब आलम ने बताया कि कई वर्षो पहले ज़ब उसके अब्बा का इंतकाल हुआ तो घर की जिम्मेदारी उसके कंधे पर आ गई, वह दिल्ली जाकर रोजी-रोटी के प्रबंध में लग गया, कई वर्षो तक काम करने के बाद उसे अचानक खांसी, कमर दर्द हुआ परन्तु उसने ध्यान न दिया। जब रोग ज्यादा बढ़ा - खांसी, सर्दी, बुखार के बाद ज़ब दम फूलने लगा तो वह घर चला आया। अब उसने प्राइवेट डॉक्टर के द्वारा दी गई दवाओं का सेवन किया। अल्ट्रासॉउन्ड व अन्य जाँच कराया परन्तु बीमारी पकड़ से बाहर थी। ज़ब एक्स रे कराया तब उसे टीबी की जानकारी हुई। वहीं जाँच वाले के सलाह पर उसने जिला यक्ष्मा केंद्र के अनिल कुमार से सम्पर्क किया तब उन्होंने उसको कफ जाँच कराने को कहा। अब रिपोर्ट बिलकुल स्पष्ट था वह तो वह "प्लमनरी टीबी का मरीज था। बीमारी पकड़ में आने तक महताब काफ़ी कमजोर हो चुका था, परन्तु उसने हिम्मत नहीं हारी, टीबी की दवा चलने के दौरान उसे बेचैनी हुई, परन्तु



डेढ़ माह दवा सेवन के बाद उसे काफ़ी राहत महसूस हुई। महताब टीबी अस्पताल के डॉक्टर व कर्मियों के सम्पर्क में रहते हुए समयानुसार दवा खाई और पूरी तरह स्वस्थ हो गया।महताब आलम ने बताया कि ज़ब बीमार हुआ तो लगा की बचना मुश्किल है। अल्लाह की दुआ से ज़ब स्वस्थ हुआ तो ठान लिया की आसपास जो भी टीबी के लक्षण वाले मरीज होंगे उन्हें हौसला देते हुए इलाज करवाऊंगा। उसने बताया कि पड़ोसी नौशाद, के अलावा अगरवा, बलुआ के 15-16 लोगों का जाँच इलाज करवाया जिनमें कई लोग स्वस्थ है। महताब ने बताया की बिहार - झारखण्ड के इंचार्ज कमल ओझा का फोन आने पर अन्य टीबी चैम्पियनों के साथ 19 दिसम्बर 2023 को पटना गया जहाँ एक निजी होटल में मुझे सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। अब वह ऑटो से कुरियर कम्पनी के लिए कार्य करते है एवं लोगों को टीबी के लक्षण व उससे बचाव का तरीका बताते है की घरों में साफ-सफाई रखें। बीमार व्यक्ति मुंह पर रुमाल लगाकर चले, बीच में दवा न छोड़ें। इलाज के दौरान खूब पौष्टिक खाना खाएं। एक्सरसाइज करें, योग करें।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**




युवा स्ट्राइकर राज कुमार पाल की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। यह टूर्नामेंट में भारत की लगातार तीसरी जीत थी। राज कुमार (तीसरे, 25वें और 33वें मिनट) के अलावा, अरिजीत सिंह हुंदल (छठे और 39वें मिनट), जुगराज सिंह (सातवें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वें मिनट) और उत्तम सिंह (40वें मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनवार (34वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया। भारत फिलहाल तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है।

छह टीमों का यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 17 सितंबर को फाइनल होगा। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था, उसके बाद उसने जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत गुरुवार को कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच खेलेगा। इन दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल था, जहां हाफ-टाइम तक भारत 1-3 से पीछे था। उस मैच में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी की और 4-3 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। आज खेले गए मैच में भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पांच फील्ड गोल और तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए, जिन्हें जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने गोल में बदला। मलेशिया के खिलाफ, भारतीयों ने पहले क्वार्टर में लगातार हमलों के साथ आगे बढ़ना शुरू किया। और राज कुमार ने भारत को बढ़त दिलाने में देर नहीं लगाई, उन्होंने एक गोल किया, अविश्वसनीय स्टिकवर्क दिखाया और इस तरह मलेशियाई बैक-लाइन का मजाक उड़ाया। तीन मिनट बाद, अरिजीत ने मलेशियाई पोस्ट के कोने को ढूंढकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। एक मिनट बाद, जुगराज ने एक शक्तिशाली ड्रैग-फ्लिक के साथ पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन गोल करके बढ़त को और मजबूत कर दिया। टीम पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ी। तीन गोल से पिछड़ने के बाद मलेशिया ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय रक्षा पंक्ति मज़बूत रही। भारत ने 22वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग-फ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने शानदार फ्लिक के साथ मलेशियाई गोल में गेंद को डाला और बढ़त को और आगे बढ़ाया। कुछ मिनट बाद, राज कुमार ने अपना दूसरा गोल किया, जिसे अरिजीत और उत्तम ने सेट किया था और भारत ने हाफ-टाइम में 5-0 की बढ़त हासिल की।

## अफगानिस्तान-न्यूज़ीलैंड टेस्ट : बारिश और तैयारियों में कमी बनी बाधा, अब पूरा मैच ही रद्द होने की आशंका

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**



ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान में कई जगह कीचड़ होने के साथ-साथ बारिश के कारण नालियाँ भर गई हैं, जिसके कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट मैच शुरू नहीं हो पाया है। मंगलवार को लगातार दूसरे दिन खेल नहीं हो पाया, यहाँ तक कि टॉस भी नहीं हो पाया और इस बात का डर बढ़ रहा है कि अब कहीं पूरा खेल ही बिना टॉस के न खत्म हो जाए। मंगलवार को अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने माना कि स्थिति गंभीर है और कहा कि वह टेस्ट शुरू करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है, लेकिन बारिश का मौसम असहनीय साबित हो रहा है। हालांकि दिन में बारिश नहीं हुई, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि मैच क्यों शुरू नहीं हो पाया। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, आउटफील्ड रेत आधारित नहीं है, जो नमी को सोखने में बेहतर होती और सूखने में भी तेज होती। ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के कारण जल निकासी व्यवस्था पर भी काफी दबाव पड़ा है, जो राष्ट्रीय राजधानी से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। मैदान का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही इस खराब मौसम से सुरक्षित रह सका - मुख्य चौक, जिसमें खेल की सतह और अभ्यास पिच तथा 30 गज का घेरा है। यह समझा जाता है कि आउटफील्ड पर बहुत सारे पॉकेट और यहां तककि इनर सर्कल के अंदर और आसपास के कुछ पॉकेट - मिडविकेट, मिड-ऑफ और कवर - फिसलन भरे हैं। आयोजन स्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने कहा कि ऊपरी परत पैरों के नीचे हिलने लगी थी, जिससे यह जोखिम भरा और खेलने के लिए अनुपयुक्त हो गया। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान अभ्यास के दौरान फिसल गए और उनका टखना मुड़ गया, जिसके कारण उन्हें टेस्ट से बाहर होना पड़ा। जबकि एसीबी ने चोट के बारे में मीडिया को एक बयान भेजा, अधिकारी का मानना है कि यह आउटफील्ड के खराब होने का परिणाम था। मेजबान होने के नाते, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी एसीबी की है कि स्थल मैच के लिए उपयुक्त हो।

## पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने मान लिया कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है : देवेंद्र झाझरिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है। भारतीय दल ने पेरिस में अपने पैरालिंपिक अभियान का समापन सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदकों के साथ किया। पैरालिंपिक के इतिहास में भारत द्वारा जीते गए 29 पदक सबसे अधिक हैं। इस ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किए गए 19 पदकों के अपने रिकॉर्ड को भी पार कर लिया। भारत ने इस मार्की इवेंट का समापन 18वें स्थान पर किया।

इससे पहले मंगलवार को पेरिस पैरालिंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय दल भारत वापस लौट आया। एजेंसी को दिए साक्षात्कार में झाझरिया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है। उन्होंने कहा, "पेरिस में हमारे खिलाड़ियों ने इतिहास बनाया है सबसे बड़ा मैसैज ये है कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है, क्यों कि हम पदक तालिका में शीर्ष 20 में शामिल हो गए हैं, जो बड़ी बात है।" झाझरिया ने कहा, "जब हम भारत से रवाना हुए थे, तो हमने सोचा था कि हम 25 से ज़्यादा पदक जीतेंगे और शीर्ष 17-18 देशों में शामिल होंगे। भारत अब एक खेल राष्ट्र बन गया है। हमने इतिहास रच दिया है। दूसरे देशों को भी अब एहसास हो गया है कि भारत ने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं की वजह से ही भारत ने बहु-खेल आयोजन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा, "पिछले 10 सालों में खेलों में काफ़ी काम हुआ है, चाहे वह टॉप्स हो, खेलो इंडिया हो, प्रशिक्षण केंद्र हो आदि। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र की योजनाओं की वजह से ही हमने इतिहास रच दिया है।" झाझरिया ने आगे कहा, "हमने तीरंदाज़ी में पहला स्वर्ण पदक जीता। हमने ब्लाइंड जूडो में भी पहला पदक जीता। यह शानदार प्रदर्शन था। हमने 12 महीने पहले से ही पेरिस पैरालिंपिक की तैयारी शुरु कर दी थी।

## इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीज़न के लिए पंजाब एफ ने 26-सदस्यीय टीम घोषित की

**एजेंसी, मोहाली**




पंजाब एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न के लिए अपनी 26-सदस्यीय टीम की घोषणा की। पिछले साल आईएसएल में प्रमोट होने के बाद यह उनका दूसरा आईएसएल सीज़न होगा।

पंजाब की टीम 15 सितंबर को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपना आईएसएल अभियान शुरू करेगी और 20 सितंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। टीम पर हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, "हमने एक ऐसी टीम बनाई है जो इस सीज़न में शीर्ष स्थानों के लिए चुनौती पेश कर सकती है। विदेशी खिलाड़ी काफी अनुभव रखते हैं और हमारे पास भारतीय खिलाड़ियों का भी एक शानदार समूह है। हमने पिछले सीज़न के भारतीय खिलाड़ियों के कोर को भी बनाए रखा है। हमारा प्री-सीज़न अच्छा रहा है और हमें उम्मीद है कि हम अपने सीज़न की अच्छी शुरुआत करेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करेंगे।" हेड कोच को सहायक कोच कॉन्सटैंटिनोस काटसारास और भारतीय सहायक कोच संकरलाल चक्रवर्ती का समर्थन मिलेगा। पापा आयोनू लिओनिस को स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच और मनीष तिमसिना को गोलकीपिंग कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

# व्यापार

## दो दिन की तेजी के बाद टूटा शेयर बाजार, उतार-चढ़ाव के बीच लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। दिन के पहले सत्र में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने मजबूती हासिल की लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में आईटी, बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, मेटल और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 461.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 463.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.26 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,070 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,619 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,345 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 106 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,455 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 828 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,627 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 6.83 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 81,928.12 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 213.66 अंक की मजबूती के साथ 82,134.95 अंक तक पहुंच गया। हालांकि दूसरे सत्र में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया।

लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 700 अंक से ज्यादा लुढ़क कर 498.15 अंक की कमजोरी के साथ 81,423.14 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी 30 मिनट की कारोबार में हुई मामूली खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से करीब 100 अंक की रिकवरी करके 398.13 अंक की गिरावट के साथ 81,523.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 7.10 अंक की कमजोरी के साथ 25,034 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 72.60 अंक उछल कर 25,113.70 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में आई इस तेजी के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक थोड़ी ही देर में लुढ़क कर लाल निशान में पहुंच गया।

## सर्राफा बाजार में महंगी हुई चांदी, सोने में गिरावट जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, चांदी ने आज एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सोने के भाव में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 73 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क कर 72,980 रुपये से लेकर 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,910 रुपये से लेकर 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 86,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट आई है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार में दबाव का माहौल बना रहा। एशियाई बाजार में भी आज गिरावट के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना और आर्थिक सुस्ती की आशंका के बीच अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान असमंजस में कारोबार करता नजर आया। इस ऊहापोह के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 93 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,495.52 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 141.28 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,025.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज 175.44 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 40,561.52 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान बिकवाली के दबाव में कारोबार करते नजर आए। एफटीएसई इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,205.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत टूट कर 7,407.55 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 177.64 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,265.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से सिर्फ एक का सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहा है, जबकि 8 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं।

## भारत-फिनलैंड ने द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर किया विचार-विमर्श

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को नई दिल्ली में सकारी पुइश्तो के नेतृत्व में वाणिज्य समिति के फिनिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिमंडल ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में सकारी पुइश्तो के नेतृत्व में भारत दौरे पर आए वाणिज्य समिति के फिनिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ मुलाकात की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित बैठक में इसके महत्व की सराहना की। मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों ने जलवायु कार्रवाई पर सहयोग बढ़ाने, व्यापार, निवेश और सहयोग के माध्यम से भारत-फिनलैंड द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही दोनों पक्षों ने आर्थिक नीतियों और पहलों, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई, राजकोषीय नीति और कर सुधारों पर भी चर्चा की।

# नगर परिषद बोर्ड की बैठक हुई संपन्न

चा० भूमि बगहा

नगर परिषद बगहा की बैठक मंगलवार को सभापति पुष्पा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ईओ सरोज कुमार बैठा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बगहा विधायक राम सिंह रहे। बैठक में स्थानीय वार्ड पार्षदों ने अपनी अपनी वार्ड की समस्या रखी। इस कड़ी में पूर्व उप सभापति जितेंद्र राव ने कहा कि सड़क और नाली पर से स्थाई रूप से अतिक्रमण हटाया जाए।

नल-जल के संवेदक ने सड़क को तोड़ पाइप लगा दिया, उसके बाद उसी तरह छोड़ दिया है। वार्ड 25 के पार्षद प्रतिनिधि राहुल सिंह ने बताया कि सीताराम आश्रम के पास सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया गया है परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड 9 के मो. इमरान ने बताया मेरे यहां नल-जल योजनाएं काम नहीं कर रही हैं। वार्ड 30 के संजय यादव ने कहा कि छह माह से नाली अधूरी है, बच्चे गिर रहे हैं।सतीश वर्मा ने कहा कि अतिक्रमण हटाया जाए, सफाई संतोषजनक कराया जाए। नगर के सभी वार्डों में दो-दो योजनाएं दी जाएं ।

बैठक मे बबुई टोला स्टेडियम का रंग रोगन, मरम्मत कराने, बोर्ड लगाने की बात कही। समय से काम नहीं करने वाले ठीकेदार का टेंडर रद करने की बात कही।

सांसद प्रतिनिधि दयाशंकर सिंह ने पूर्व के प्रस्ताव में अनुमोदन में राष्ट्रीय तिरंगा लगाने, पक्की बावली मंदिर का सुंदरीकरण, पोखर सुंदरीकरण, शमशान घाट आदि की बात कही।

सभी सवालों का जवाब ईओ सरोज कुमार बैठा ने दिया। बैठक में विधायक राम सिंह ने भाजपा सभी से अपील की कि एनडीए की सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कार रही है। ऐसे में आप लोग महिलाओं को उनका हक दें एवं बैठक में शामिल होने दें। महादलित बस्ती, पोखर का सुंदरीकरण करें बगहा जिला बनने वाला है। विकास में सभी सहयोग करें। स्टेट बैंक चौराहा पर शौचालय का निर्माण करें, सभी लाइट एक सप्ताह के भीतर ठीक कराएं। सभागार में एसी लगवाएं। नरईपुर प्राथमिक विद्यालय की सीढ़ी गिरने से घायल बच्चों का इलाज कराने का आश्वासन दिया। मास्टर प्लान से कार्य करने की बात पर जोर दिया। विधायक के साथ सभी वार्ड पार्षद, इनके प्रतिनिधि अधिकारी कर्मी ने स्वच्छता के लिए मानव श्रृंखला बनाया सभी ने साफ सफाई एवं विकास के लिए शपथ ली। बैठक में सभी संबंधित वार्ड पार्षद संबंधी अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

# समय से खाद्यान्न का उठाव और वितरण नही कराने पर होगी कार्रवाई

चा० भूमि बगहा



अनुमंडल सभागार बगहा मे बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति एवं आपूर्ति समीक्षा बैठक की आहूत की गई। बैठक में बगहा के सभी प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और सहायक गोदाम प्रबंधकों मौजुद थे। नवागत एसडीएम ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगामी 15 सितम्बर 2024 तक जितने भी पैक्स अध्यक्षों के द्वारा धान अधिप्राप्ति बकाया है, उसे हर-हाल से सम्बंधित मिल को जमा कराना सुनिश्चित कराएं। एसडीएम ने बगहा अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आधार सीडिंग हर हाल में 95% कराना सुनिश्चित कराये। ऑनलाइन नए राशन कार्ड ससमय निष्पादन कराये।

बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बगहा एक एवं दो प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रशांत कुमार पांडेय प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बगहा एक व दो पुरन कुमार शर्मा, क्षितिज कुमार सिंधौल सहित अन्य प्रखंडों के एमओ,बीसीओ एवं सभी सहायक गोदाम प्रबंधक सहित अनुमंडल कर्मी विजय कुमार,रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# मासिक अपराध गोष्टी का आयोजन, दिए गए कई आवश्यक दिशा- निर्देश

चा० भूमि बगहा



बगहा के सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक अपराध गोष्टी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा / रामनगर एवं सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं सभी शाखा प्रभारी शामिल हुए।

इस अपराध गोष्ठी में एसपी सुशांत कुमार सरोज ने सभी थानाध्यक्ष को लंबित काण्डों का ससमय निष्पादन, गश्ती, वाहन जॉच, निरोधात्मक कार्रवाई, पासपोर्ट चरित्र सत्यापन, परिवाद पत्र का ससमय निष्पादन अवैध बालू खनन, और शराब कारोबारियों के विरूद्ध छापेमारी से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

साथ ही मद्यनिषेध अभियान के अन्तर्गत निरन्तर छापामारी करने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान एसपी ने बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सभी थानाध्यक्ष के कार्यो का मूल्यांकन किया गया। पु०नि० सह-थानाध्यक्ष बगहा अनिल कुमार, थानाध्यक्ष भैरोगंज भरत कुमार, रामनगर ललन कुमार को कमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया। इनके कार्यो की काफी सराहना करते हुए इन्हे प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। मौके पर एसडीपीओ, बगहा व रामनगर कुमार देवेंद्र, बगहा थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पटखौली थानाध्यक्ष अनिष कुमार, भैरोगंज थानाध्यक्ष भरत कुमार, बथवरिया थानाध्यक्ष कामेंश कुमार, चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार समेत तमाम पुलिस पदाधिकारी मौजुद रहे।

# राजकीय मध्य विद्यालय मझरिया शेख के बच्चे बने जिला टॉपर



चा० भूमि मझौलिया

जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझरिया शेख के बच्चे कुश्ती प्रतियोगिता में जिला टॉपर रहे। जिसमे 8 बच्चे स्वर्ण और चार बच्चे रजत पदक प्राप्त किया। बच्चों की सफलता पर विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। खेल कूद शिक्षक गेना लाल शर्मा ने कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद भी शिक्षा का अनिवार्य अंग है।

बच्चों ने जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता गुरुजनों और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में राजन कुमार, एक लाख अंसारी , दिलशाद आलम, अजीत कुमार, अभिमन्यु कुमार, किशन कुमार, मोहम्मद सरफराज , रईस आलम, है जिन्होंने पदक जीतकर विद्यालय के नाम को रौशन किया। सफल छात्रों को सम्मानित करने वालों में प्रधानाध्यापक मोहम्मद करीम , गेना लाल शर्मा, जितेंद्र कुमार, गुड्डू पंडित, याशिन अंसारी, अर्जुन कुमार ,संजना शर्मा ,साथ में विद्यालय के सचिव के पति मदन राम मुख्य है।













# मगरमच्छ के हमले में घायल हुआ अधेड़

चा० भूमि वाल्मीकिनगर



चमैनिया नाला के किनारे शौच करने गए कनघुसरी निवासी 55 वर्षीय व्यास गोंड पर मगरमच्छ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मगरमच्छ के हमले में व्यास गोंड का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में उन्हें अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया गया है। उनके हाथ में गंभीर चोटें आई हैं।

परिजनों ने बताया कि व्यास शौच के लिए गए थे, जहां मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। व्यास गोंड ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने अपना दायां हांथ छुड़ाने के लिए बांए हांथ की अंगुली मगरमच्छ के आंख में घुसेड़ दी जिससे उनकी जान बच गई।

घटना से इलाके के लोग भयभीत हैं और उन्होंने प्रशासन से मगरमच्छों की बढ़ती संख्या पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार गंडक में पिछले दिनों आई बाढ़ के बाद कई मगरमच्छ इलाके के नहरों और तालाबो में प्रवेश कर गए हैं। ये मगरमच्छ अब रिहायशी इलाकों के पास भी देखे जा रहा है।

मछली पालक नंद किशोर सहनी ने बताया कि ऐतिहासिक भौजी पोखर में वे मछली पालन करते है।कुछ दिनो पूर्व से एक मगरमच्छ पोखरे घुस आया है। बार-बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाकर वे थक चुके हैं जिससे लगता है कि वन विभाग किसी बड़े हादसे के इंतजार मे है जिसके कारण अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक सप्ताह के बाद भी मगरमच्छ पकड़ने की दिशा में नहीं किया कोई पहल नहीं किया गया है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने न्याय रथ को रवाना किया



चा० भूमि मोतिहारी

जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवराज त्रिपाठी के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी से न्याय रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इन रथों के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जाएगा एवं इसको लेकर लोगों को जागरूक बनाया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी में 14.9.2024 को पूर्वाहन 10:00 बजे से हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री मनीष उपाध्याय एवं अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पूर्वी चंपारण मोतिहारी राकेश कुमार दुबे भी उपस्थित थे। सचिव डालसा राजेश कुमार दुबे ने बताया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला

### » 14 सितंबर 2024 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का अयोजन

विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर मोतिहारी में किया जायेगा। जिसमें सुलहनीय वादों का निष्पादन आपसी समझौते के आधार पर किया जायेगा। सुलहनीय वादों यथा आपराधिक मामले, दिवानी मामले, दुर्घटना बीमा दावा, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भू-अधिग्रहण, राजस्व, बिजली, पानी एवं अन्य विपत्र से संबंधित एनआई एक्ट 138 के अन्तर्गत दर्ज केस, बैंक ऋण, कर्मचारियें के वेतन एवं पेंशन से संबंधित विवादित मामलों का निपटारा सुलह- समाझौते के आधार पर किया जायेगा। संबंधित पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने विवादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में बिना खर्च बिलकुल मुफ्त में तत्काल समाप्त करा सकते हैं।

# एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य ने रुद्राक्ष का पौधा लगाया



चा० भूमि मोतिहारी

शहर के एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा महाविद्यालय में दुर्लभ रुद्राक्ष का पौधा लगाया गया। इस मौके पर प्रो सिन्हा ने बताया की महाविद्यालय को हरा भरा परिसर बनाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाकर समान्य पौधे के साथ कुछ दुर्लभ पौधे लगाने का संकल्प लिए है। उन्होंने बताया की पौराणिक ग्रंथो में ऐसी मान्यता है की भगवान भोलेनाथ के ख़ुशी के आंसू से रुद्राक्ष का पौधा उत्पन्न हुआ जिसका रोपण पर्यावरण संरक्षक केशव कृष्णा के सहयोग से किया गया है।उन्होंने आगे भी वृक्षारोपण व सौंदर्यकरण कार्य करवाने की बातें

### » हरा -भरा परिसर हो अपना अभियान चलाकर की जाएगी वृक्षारोपण

बताई।

प्राचार्य सिन्हा ने बताया की पूर्व में भी पर्यावरण संरक्षक केशव कृष्णा के सहयोग से अति दुर्लभ कल्पवृक्ष का पौधा लगाया गया था।

उन्होंने कहा की पर्यावरण की सुरक्षा एवं जन जीवन हरियाली के लिए पौधा रोपण बहुत जरुरी है।वहीं केशव कृष्णा ने बताया कि इस पौधे को सैकड़ों किलोमीटर दूर काठमांडू नेपाल की घाटियों से मंगाया गया है। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियरंजन झा, प्रो अरविन्द कुमार व अन्य लोग उपस्थित थें।










# बगहा पुलिस लाइन की बदलेगी सूरत निर्माण प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

चा० भूमि बगहा



बगहा पुलिस लाइन की सूरत अब बदलने वाली है , 55 करोड़ रुपए की लागत से पुलिस लाइन का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए सरकार ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और जल्द ही भूमि पूजन के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं और निर्माण एजेंसी की टीम ने स्थल का निरीक्षण कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि पुलिस केंद्र का निर्माण जल संसाधन विभाग की अधिग्रहित भूमि पर किया जाएगा। नए पुलिस केंद्र के बनने से पुलिसकर्मियों को बैरक की सुविधा मिलेगी और पुलिस अधीक्षक को भी एक नया कार्यालय उपलब्ध होगा। जानकारी के लिये बता दे कि 1996 में बगहा पुलिस जिला बना था तब से पुलिस कार्यालय का संचालन जल संसाधन विभाग के भवन में हो रहा था। दो साल पहले जल संसाधन विभाग की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर दिया गया था। इसके बावजूद पुलिस केंद्र का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका था।

भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं और निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद उम्मीद हुई है कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस नए पुलिस केंद्र के बनने से पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य और आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। नए कार्यालय भवन के बनने से पुलिस प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी ।

# माले कार्यकर्ताओं ने सीएम का फूका पुतला

चा० भूमि गौनाहा

अरवल के जिला कमेटी कामरेड सुनील चंद्रवंशी उनकी हत्या के खिलाफ सीपीआईएमएल पूरे बिहार के अंचलों पर विरोध प्रदर्शन किया पश्चिमी चंपारण के गौनाहा अंचल गेट के सामने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इसमें अंचल सेक्रेटरी लालजी यादव जिला कमेटी के सदस्य नंदकिशोर महतो और मनोज बैठा पप्पू महतो मदन चौधरी समेत कई सदस्यों ने भाग लिया। अंचल सेक्रेटरी ने बताया की भाजपा जदयू की सरकार पूरे बिहार में दिनदहाड़े लोगों की हत्या हो रही है सरकार इस पर कुछ नहीं कर रही हैं।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714